'कयास छु जि काशिरि जबान्य ति छु योहै हादिस बुथि आमुत। स्यठा प्रोन वक्त त तमि कालक्य आसार या निशान छि कशीरि मंज ति तिथै पाठ्य नाबूद, यिथ कन्य ब्ययन जायन छि। यन प्यठ अत्युक इतिहास अथि इवान छु तति छु ननान जि संस्कृत विद्यायि ओस कशीरि हंदिस तख्तस त ताजस प्यठ कब्ज कोरमुत। चूंकि अथ सिलसिलस मंज छु कशीरि सु कमाल कोरमुत जि विद्वानन छु यि भ्रम गछान जि जाहिर आसिहे संस्कृत भाषाहइ कशीरि हँज मूल भाषा। मगर तहकीक छु न अथ हकस मंज। ख्वदि संस्कृत किताब, यिम काशिरयौ पंडितौ लेछि, छे मंज्य-पंज्य यमि कथि हुंद इशार दिवान जि लूकन हंज भाषा 'काशिर' छे वखरः। महापंडित कल्हण, संजि 'राजतरिंगनी' मंज छु यि इशार। 'नीलमत पुराणक्य काशिर नाव छि चेनवन दिवान जि तिम छि न संस्कृत नाव। ब्यथि ति अगर तहकीक करन यियि यमि कथि हंद्य मेलन जरूर सबूत जि काशिर जबान छे असली तल यमि दीशचि कुनि मुकामी जबान्य हंज शाख आसमच, यथ प्यठ संस्कृत, फारसी, उर्दू वगैर जबान्यन हुंद वक्त-वक्त असर प्योमुत छु।

अथ सिलसिलस मंज छि लिसानी माहिर (Philo-logist) ति पनन्य पाठ्य तहकीक करान। गो तिम ति छि न वुनि अथ मामलस मंज स्यक पाठ्य कुनि अंदस

वातिमत्य, मगर यमि दलीलि छु जोर ह्योतमुत, लबुन जि काशिर जबान छे पैशाची वोल्यन हंदिस कबीलस सीति रलान । यि छे दरद जबान्य हंदि दायरच भाषा । खबर अथ कथि मा आसि गुणाड्य संजि 'बृहतकथायि' सीति कांह वाठ । दपान गुणाड्य छु सु पंडित ओसमुत युस सम्सारस मंज कथा-कहानियन हुंद मूजिद मानन छु यिवान । तमि आस पननि वांसि हुँज अर्जथ आम लूकन हंजि जबान्य मंज लीछमच । सु गयाव बादशाहस पनन्य यि बयाज पेश करनि । तति आस यि वनिथ दर-दर करन जि यि किताब छे न देववाणी (संस्कृतस) मंज । गुणाड्यस गौ न यि हतक बर्दाश्त । सु गौ जंगलस मंज त तमि द्युत अथ किताबि नार । तमिय सात युस कांह अड-दोद वरुका वावन ओर-योर वुडाविथ बचोव, सु आव रछरावन । तथ प्यठ कोर पत कशीरि हंदिवइ द्वयौ संस्कृत विद्वानौ क्षेमेन्द्रन त सोमदेवन 'बृहत्कथा मंजरी' त 'कथासरित्सागरस' मंज तिमन कथन हुंद संग्रह तयार, यिम संसारिक कथा-सहित्युक आगुंर मानन छे यिवान । वननुक गरज छु यि जि कशीरि हंज असली भाषा— काशिर आसिहे जरूर कुनि-नत कुनि शकलि मंज कायम; मगर भाव ओसुस न, त न थाव जमानक्य गर्दिशन अरिजुव ।

मगर शाही त सामन्ती दौर पत यिथ कन्य अवामी दौर युन लाजिमी ओस, तिथ पाठ्य ओस आम लूकन हंजन जबान्यन ति नवि गाचि त नवि अनमान बारसस युन । चुनांचि युथुय कशीरि मंज ह्यन्दू राजन हुंद दब-दब कम सपदुन ह्योतुन, न्यथ्रिम पीर-फकीर त सूफी वातन ह्यतिन, शैव फलसफन आम लूकन ताम वातनुक संज ह्योत करुन, त्युथुय गौ संतन-सूफयन यमि कथि हुंद खयाल गनान जि ज्ञानच कथ गछ लूकन ति हंजिय जबान्य मंज भावन यिन । त्यली करि स्व कांह तासीर । हिन्दुस्तान-च्यन ब्ययन जबान्यन मंज वथ्य संत, गुरू त ज्ञानी भगत त तिमौ ह्यति वाक्य वनन्य । मगर कशीरि मंज कर ग्वड-ग्वड शैव फल्सफक्यौ आलिमौ अमि दर्शनक्य रमज शायद तमि विजि हंदिस काशिरिस मंज फिकरि तारनच कूशिश । महात्मा शतिकंठ सुन्द 'न्याय प्रकाश' छु अम्युक अख सबूत । यि छु सही जि योस जबान तथ मंज वरतावन छे आमच, स्व छे न मूजूद काशिरिस हिश, मगर अनहार छु हावान जि जाहिर मा आसिहे तमि सात काशिरिच स्वै शकल । चूंकि अमि पतै यलि असि काशिरि अदबचि ग्वड्डनिचि शायरा ललद्यदि हंद्य वाख मेलान छि, तिमन मंज छि केचंन लफ्जन हंज गरिन शतिकठ संद्यन शब्दन हिशी बासान । 'न्यायप्रकाश' छे अख कुन्य किताब, योस तमि सातचि भाषायि हुंद नमून पेश छे करान । अमिक लेखन वाल्य छु वोनमुत ति जि बो छुस यथ किताबि मंज शैव दर्शनक्य रम्ज़ दीश-भाषयि अर्थात् लूकन हंजि मुत्रंज जबान्य मंज व्यस्तारिथ वनान । सितम जरीफी वुछिव, जि पत छि शतिकठ संद्य यिम श्लोक लुकन फिकरि तारन बापत संस्कृतस मंज फिरन आमत्य । शतीकंठ त राजतरंगिनी हंद्य इतिहासकार कल्हण छि काहिमि सदी हंदिस पननिस वक्तस अंदर यमि कथि हुंद पक्क सबूत पेश करान जि कशीरि हंज पनन्य बूल्य छे संस्कृत अलाव बदल बूल्य आसमच त स्व छे 'काशिर' आसमच ।

अमिय काशिरयुक युस अदब असि ताम सीन-ब-सीन (श्रुति परंपरायि किन) वोतमुत छु तथ छु संतन त अवलियाहन हदि आशीर्वाद सीत्य दसलाब सपुदमुत । १४ हमि सदी हंदिस शुरुहस मंज यमि सात कशीर अकि जवालपजीर दौर मंज नीरिथ अकिस तिथिस दौरस मंज पोद आस त्रावान, यति नविस मतस त तमद्दुनस प्रानिस सीत्य मुकाबल ति ओस त मुजादल ति, तमि विजि आयि अवामच माजि बूल्य-काशिर जबान लयद्यदि त नुंद ऋष संज वाणी बनिथ त तमि रछ पनन्यन गबरन हंज सथ । संस्कृत पंडित त फारसी क्यो अरबी आलिम मा लगहन मुनाजिरन त मुबाहसन कुन त अन्देश ओस जि तम्युक मा नेरिहे नाकारै नतीज । मगर लूकन हंद्यन दिलन प्यठ राज करनवाल्यन मस्तान फकीरन निश कति सना ह्यकिहे मुचुक्री या मुनाफकुत ठहरिथ । तिम द्रायि मस्ती हंदिस आलमस मंज नार दिवान—

शिव छुस थलि थलि रोजान, मौ जान ह्योन्द त मुसलमान ।

योहै श्रूख ओस हज़रत नूरुद्दीन वली सुन्द ति । त योहै पन रूद काशिरि अदबचि मालि मंज अज ताम कायम । संतन त औलियाहन हंज यि वरासत थाव लूकौ पनन्यन सीनन मंज रछरिथ । कम-कम वलग्वतन

आयि, कात्या द्वलाव वछि जमानन, मगर कशीरि हंद्यौ लूकौ मशरोव न पनन्यन यिमन मत्यन हुन्द वाज त वोपदीश ।

अमि सरमायि प्यठ छु काशिरि अदबुक दसलाव मानन यिवान । ललद्यदि हंद्य वाख (वाक्य) त नुंद ऋषिन शूख छि यमि कथि हंज निशानदिही करान जि काशिरि अदबुक रोहरकान क्या छु रूदमुत । पथ गौ जवान्य हुन्द सवाल, अथ सिलसिलस मंज छे यि कथ तय जि काशिरि जबान्य छु लल-द्यदि हंदि दौर पत पनुन वुजूद बरकरार थावन बापत स्यठा जस्त-खैज कोरमुत । गो तिथ्य दोह आयि, यलि जन व्ययि काशिरिस हकारत करन आयि; मगर ललि ओस अथ पननि तपस्यायि हुंद सु बंल द्युतमुत जि अमिक्यन पैरोकारन गयि न ह्यमत कम । जितिन रूज जोतान । अद पत हव्ब खोतन आयि या अरिनिमाल, सूफी शायर आयि या गजलगो रुमानी ग्वनमाथ—सारिवइ थोव अथ मशालि तील पकवुन । यि रूज दजान हताकि नविस अवामी दौरस मंज आयि यि मशाल तथ दमस ताम रछरावन, योतताम वोन्य अफ्ताबन कल कोड़ । वोन्य छे दुहल त काशिरयुक सिरियि छु वुनिकिस गाह त्रावानै । मगर यथ गाशस मंज पज़ि असि तमि जितनि हुंद जरूर ख्याल थावुन, योस न्यह गटि मंज काशिरि अदबक्यौ ग्वड़कालक्यौ ग्वनमातौ पननि जुवच अहवत दिथ ब्रजलाव त प्रजलाव ।

कुन्यर

श्री मुहम्मद अयूब 'बहार'

योद अस्य छि ह्यन्द्य या अस्य छि सिख या अस्य छि मुसलमान,
अस्य यार कुनी अस्य छि हिवी असि छि बस इनसान ।
योद रंग अलग योद जात अलग योद असि छ बदल कंज,
असि जुव छु कुनुय ज्यव छि कुनी सारिनइ कुन जान ।
यति गोतमन असि भाॅय तान्युक जान सबक द्युत,
यति कृष्णनइ अथ लोल नयि तुजिमच छि मदर तान ।
यति चिशतियन वरतोव रुत कुनिरुक यि छिवर मस,
यति नानकन वोन ह्यन्द्य त मुसलमान छि यकसान ।
ललद्यद छे यति ललवान ल्वलि मंज लोल तै शफकत,
यति गांधियुन छुय दोप—फकत इनसान बस इनसान ।
यति दइ त अदावत हसद द्वग्न्यार गौ दम फट्य,
यछ-पछ मुहब्बत माय कुन्यर लोल यति शोलान ।
असि भाय बंदुत पोशिवुन असि सारिनइ यखलास,
असि दिल बदिल आईनः अस्य छि सारि रुत कांछान ।
हमदान सुन्द मसकन तती काली हुन्दुय बेठाक,
तति शिव छु त्राविथ डाफ यतिनस तखते सुलैमान ।

अखबार 'चमन' श्रीनगरचि
मेहरबानी किन्य

अँद्रोट

मक्खन लाल 'बेकस'

बो छुस लफ्जन दिवान वन्य मानि रावान,
लफज व्वतलान, बड़ान, पोठान गछान गैब
फिजाहस मंज गछान तहलील ईरान,
पतो लाकन छे रोजान छाय हिश अख।

अमा यथ गुम्बदस गछि ना सना रुम
हवा अचि ना सना कुनि बरनि वरि किन,
ब दिमहा क्रेख म्य द्यव गछिहे पोत-आलव
कनन गछहन लफज लफ्जस दिवान नाद;

लफ्ज, यथ मंज छे इलाहामच अबारत,
लफ्ज, यथ मंज शहच्य खसवस गछान बंद,
लफ्ज ज़्यवि द्राव फिजहस मंज ग्रजान रूद—
नभस मंज जन त मोलक रोजि अखताब।

बो छुस ब्रह्मा, म्वखस प्यठ वीद छिम बन्द,
ब छुस खालिक, सदर छुस आगही हुंद;
ब छुस इसरार ह्यथ यमि कायनातक्य,
बो वनहा पोज म्य दियतौ ज़्यव ब वनहा—

वटस्य गोमुत ब छुस प्योमुत दिवरि-वठ
बो छुस ब्रह्मा ब कोरनस आगही गीर
ब्यशूंकिस क्याजि व्वतल्योम आगरै ज्ञान—
नजर जेठेयि वारा, ज़्यव गयम छोट,

प्युमुत यथ शीशरम-खानस अन्दर छुस
च्ववापासे म्य छुम बासान संगिस्तान—
म्य दियतौ ज़्यव ब दिमहा रूह लफ्जन—
यिमन छायन, यिमन वे ह्यस बलायन,

यिमन यियिहे स्व हरकत, या सु तासीर—
शिशुर युथ फुट्रहन फिजहुक च्ववापार्य
खमोशी गुंबदचि गछिहे परिन-चर
अमा यथ आलवस यियिहे पोत-आलव;

म्य योदवै ज़्यव वटिस गयि, योद वो मूदुस,
वुनल कुस कासि त्यलि यथ कायनातस ?

अदब–हिंदुस्ता’न्यं वखनय

पृथ्वीनाथ मधुप

अदबस छि संस्कृत तु ह्यन्दी पाठ साहित्य वनान। साहित्य लफ़ज़स छि स्यठाह माने आमुत्य करुन। अमि लफ़ज़ुक अख मतलब छु मिलुनावुन या यिकुवटु करुन। येने येंति ज़बान (भाषा) तु खयाल (भाव) मिलुनावनु या यिकुवटु यिन करुन, सुइगव साहित्य।’[1] अमि लफ़ज़ुक ब्याख मानि छु ‘हित’ (फ’यदु) लफ़ुज़ खयालस तल थविथ आमुत करुन।[2] अमि खयालु मूजूब छि साहित्य तथ्य वनान येमि सूत्य इनसा’नी समाजस केंह फा’यदु वाति। वैसे छि यि कथ वाज़े ज़ि अदबस सूत्य लोय-खोय थवनु सूत्य छमु इनसानस सिरिफ दिलबहला’यीया’च सपदान, बल्कि छु तमिस वारयाहि रंगु फ’यदुति वतान। ब्याख वखनय छे ‘सह’ (सूत्यआसुन) लफ़ुज़ खयालस तल थविथ आमुच करुनु। ‘सह’—सूत्य आसुन—यि नज़रि तल थविथ ह्यकव अस्य वनिथ ज़ि येति लफ़ुज़ (शब्द) तु ‘माने’ (अर्थ) सूत्य-सूत्य आसन, सुय गव साहित्य। वोन्य छु येत्यथ यि सवाल व्वथान ज़ि ‘लफ़ुज़’ क्याह गव तु ‘माने’ क्याह गव। पनुनि दिलुक्यन खयालन हुन्ज़ बावथ करान यिमु आवा’ज़ बावथकरनवा’ल्य सुन्ज़ि ज़बा’न्य या क़लमु छि नेरान, तिमन छि वनान लफ़ज़’। लफ़ुज़ युस मुदाह बोज़नवा’लिस या परनवा’लिस बावान छि तथ छि वनान ‘माने’।

वैसे छि अदबस संस्कृतपा’ठ ‘काव्य’ ति वनान। आचार्य मम्मटन यथ काव्य छु व्वनमुत, तथ्य छु आचार्य विश्वनाथन ‘साहित्य’ व्वनमुत। मगर अजकल छि ह्यन्दी आलिम ‘काव्य’ ग्वनुमॉतिलि खा’तुरय योत तु ‘साहित्य’ सारी अदबु खा’ तुरु इस्तेमाल करान।

ह्यरि व्वन असि ज़ि येति लफ़ुज़ तु माने सूत्य-सूत्य आसि, सुय क्याह गव अदब। यिहय कथ नज़रितल थविथ छि केंचव आचारियव संस्कृतकि अदबुच टीका करान व्वनमुत ज़ि अदब छ ‘लफ़ज़न तु मानियुक म्युल’। आचारी भामह छि लेखान :— ‘लफ़ज़ तु माने सूत्य सूत्य आसुन गव अदब’।[3] आचारी रुद्रट छि यिहय कथ फिरान वनान ज़ि ‘लफ़ुज़ तु मानिही गव अदब’।[4] मगर येलि अस्य अदबुचन यिमन वखनयन हुज़ साम छि ह्यवान अमि तल छु बासान ज़ि यिमु वखनयि छे अजय, तिक्याज़ि ‘अदुबु’ अलावु यि केंछा इनसानु सुन्ज़ ज्ञान बडावनु खा’तुरु छ लेखनु आमुत या लेखनु यियि सु ति छ नु लफ़ज़व तु मानियि रोस्त केंह! अदब तु बाकी ज्ञान बडावन वाजन्यन किताबन (शास्त्रस) मंज़ छ ज़मीन-असमानच फरुख-तीच फरुख यीच ना’दिमु सुन्द्यन शारन तु अकिस केमिस्ट्री या हिस्ट्री किताबि मंज़ छे। अख छ सोन दिल मुहान तु स्व फरहथ दिवान युस न कस्य लफ़ज़व ज़ायि बा’विथ ह्यकव, ब्याख छु सिरिफ सा’न्य ज्ञान (knowledge) बडुरावान। लेहज़ा छु यि ज़रूरी ज़ि अदबुच गछि तिछ कन्य वखनयि आसुन्य योसु बाकी ज्ञान बडावन वाजिनि किताबु ऊकतरफ त्रा’विथ अदबुच अख रुच वखनय आसि।

अगर वुछव अदव तु अदब ह्यकोन नु अस्य वखनयि हुन्ज़ि चहारदेवा’री मंज़ तिथय पा’ठ बन्द करिथ यिथु पाठ न अस्य भगवान तु प्रेम ह्योक अथ मंज़ बन्द करिथ। अदब छु त्युथ वसीह तु अज़ीम चीज़, युसनु अकिस द्वन जुमलन हुन्ज़ि वखनयि मंज़ गन्डुनु यियि। अमि-किन्य छि असि अदबुचि वुन्युसताम करुनु आमुचु वखनयि अजय ज़न बासान। हिन्दुस्तान्य आ’लिम तु तनक़ीद करन वाल्यव छि पनपनुनि आयि अदबुचि स्यठाह वखनयि करिमच यथ ल्वकटिस मज़मूनस मंज़ तिम सारेय दिनु सूत्य नेरिनु कांह मतलब। येत्यथ दिमव अस्य सिरिफ केंचन चीदु आ’लिमन तु तनक़ीद करन वाल्यन हुन्ज़ु वखनयि।

मशहूर कश्मीरी पण्डिथ आचारी मम्मट छ पनुनि

---

१. सम पूर्वक धा धातु।

२. साहितस्य भाव : साहित्यम्।

३. शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।

४. ननु शब्दार्थौ काव्यम्

किताबि 'काव्य प्रकाशस' मंज़ अदबुच वखनय करान लेखान ज़ि तिम लफ़ुज़ तु माने यिम दूशि बग़ैर आसन तु यिमन मंज़ माधुर्य बेतरि ग्वोन (सिफत) आसन, यिमन मंज़ अलंकार (पा'राव) कुनि-कुनि जायि आसनतिन तथ्य छि काव्य (येने अदब) वनान। [1] यि वखनय यियिनु आम इनसानस तोतताम समजस मंज़, योतताम नु तमिस खबर आसि ज़ि दूश कथ छि वनान, माधुर्य बेतरि ग्वन क्याह् गय तु अलंकार कमन छि वनान। आचारा विश्वनाथन छु अथ वखनयि प्यठ तबसुरु करान व्वनमुत ज़ि जानु ख्वतु जान काव्यस मंज़ति छि कमकासु दूश आसानुय, बेंयि अग़ार अलंकार काव्यस मंज़ आसुन्य ज़ारूरी छि नु, त्यलि छ् वखनयि मंज़ यिहुन्ज़ कथ करुनी फ़ज़ूल। अम्य आचारियन छु पनुनि मशहूर तसनीफ साहित्य-दर्पणस मंज़ व्वनमुत :—

यमि तखलीकु सूत्य परनवा'लिस या बोज़न वाल्य सुन्दिस दिलस मंज़ रस पैद 'गछि' सुय गव काव्य। [2] रसुक मतलब छु शृंगार, करुण, वीर बेतरि (रसन मुतलख यियि वेयिस मज़मूनस मंज़ प्रकाश आवुनु।) संस्कृत अदबुक्य बेय ग्वनुमाथ तु नाकिद पण्डितराज जगन्नाथन छ पनुनि 'रसगगाधर' ना'व्य किताबि मंज़ वोनमुत ज़ि आनन्द पा'दु करुन वा'ल्य लफ़ुज़ गय काव्य। [3]

ह्यन्दीयिक आचारी तु ग्वनुमाथ देवन छु 'शब्द-रसायन' किताबि मंज़ अदबुच वखनय यिथु पा'ठ् कर मुच :—

का'सि आ'कुल तु दिलदार सुन्ज़ि जेवि द्रामुत्य बामाने लफ़ुज़, यिमन मंज़ बहर (छन्द), खयाल (भाव) तु पा'रावस सूत्य रस आसि गव काव्य। [4] यि वखनय छ् स्यठाह रुच तु ज़बर बासान। अथ मंज़ छु अदबुकिस अन्दरूनी तरफस येने खयालन तु शेरुपा'रावस कुनति नज़र आमुच थवनु। ह्यन्दियिक बेय आ'लिम पण्डित रामदहिन मिश्रन छु, काव्य-विमर्श' किताबि मंज़ ल्यूखमुत ज़ि काव्य छि वनान तथ युस दिलदारन हुन्द्यन दिलन आनन्द दियि [5]

का'सि बिखा'र्य सुन्ज़ तखलीख परिथ या बूज़िथ छु सान दिल लिखा'र्य सुन्दिस दिलस सूत्य कुन सपदान। अरन्यिमाल या हब्बुखोतून परिथ छि अ'स्य महव सपदान, पण्डित नीलकण्ठशर्मा सुन्दि को'शिरि रामायनुक्य जंगीकुसु परिथ छु असि मंज़ जोशुक जज़बु बेदार सपदान। यिथय कन्य येलि अस्य का'सि जान ग्वनुमातु संज़ मरसियि छि परान, असि छे अश्य ददरारय वसान तु मक्खनलाल 'महव' सुन्ज़ु नज़मु बूज़िथ छि अँस्य ठाहठाह करान असुन त्रावान। यिमव तलु छ् यि कथ स्यकु, ज़ि अदब छु मुलुतलु दिलुक चीज़। यि छु सान्यन दिलुचन तारन मिज़राब दिवान। लेहज़ा ह्यकव अस्य वनिथ ज़ि स्व तखलीक़ योसु सा'निस दिलस महव करि, असि पनुन पान मशिरावुनावि तु अख अजीब लुतुफ दिय, येम्युक इज़हार करुन मुशिकल छु, सुय गव अदब।

१. तद्दोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुन : क्वापि।

२. वाक्यरसात्मकं काव्यम्।

३. रमणीयार्थ प्रतिपादक : शब्द : काव्यम्

४. शब्द सुमति मुख ते कढ़ै, लै पद-वचननि अर्थ।
छंद भाव भूषण सरस, सो कहि काव्य समर्थ॥

५. सहृदय हृदयानन्द कर वाक्य कहावे काव्य।

अकिस काशिरि कोरि हँद्य जज्बात

कुमारी चन्द्रिका गरयाली

यि छि ग्वडनिच लठ कि बो छेस काशिर पाठ्य केंह लेखनिच कूशिश करान, अमि खाँतर छेस बु काशिरिस समाचारस पनुन शुक्रिया अदा करान, जि तम्य् कर म्य यि कूशिश करनिच प्रेरणा।

म्योन सोरुय दोह छु कालेजस मन्ज, लाब्रेरी मँज, या ओर-योर गच्छनस मन्ज गुजरान। घर छेस चीर वातान, बत ख्यवान, परान त श्वंगान। यि छे औसत काँशरि संज़ जिंदगी। अथ मसरुफ त मशगूल जिंदगी मंज कति छु वक्त मेलान, कि कांसि सीत करि इन्सान काँह कथ काशिर पाठ्य। यि लोकचारस मंज या कुनि विजि छुट्टियन मंज कशीरि गछनः सीत छु आसान ह्योछमुत, सु ति छु वार-वार मशिथ गच्छान।

मगर कुनि सातन छु अथ जिंदगी अख धक्क ह्युव लगान कि पगाह क्या आसि सानि हालत? क्या पगा रोज्या असि पानस कोशुर वननुक काँह हक़, यलि असि पनिन मादरी ज़बान बिल्कुल मशरावमच आसि, यलि सानि कोरि ब्ययन कौमन सीत खान्दर करन, येलि तिम पनिन संस्कार त पनुन तमदुन त्रावित्थ ब्याख वथकथ पाननावन: तमि विजि कति रोजि सोन काशुर भाव त असि क्याज़ि वनि कांह कशुर।

यि छि सानि खातर अख हकारथ कि यिम शुरि कशीरि नेबर छि, तिहिंद माजि मालि छिन कांह कूशिश करान, यिमन पनिन ज़बान हयछनावनिच त पनिन संस्कार समझावनच। ग्वडनिच कथ छि तिमन हयछनावनः यिवान, ममी, डैडी या गुड मार्निंग। वो छस मानान कि यिम चीज़ ति छि जरूरी, मगर यिम हयछन तिम पनिनस माहौलस मज पानय। काशुर गछि तिहंदी माहोलुक ग्वडन्युक हिस बनावन युन।

यि छि अख शर्मि हंज कथ कि यिम मॉलि-माजि काशुर ज़ानान छि, तिम ति छि पनन्यन शुरियन सीत हिन्दी या अंग्रीज़ पाठ् कथ करिथ फख महसूस करान। यि छु काशिरि ज़बानि अख बोड-बार खतरः। म्यान्य छि हर काशिरि माजि-मालिस व्यनती कि सु गछि पनिनिस शुरिस शुरु प्यैठ काशुर ह्यछनावुन।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी छु अकिस जायि लेखान कि पनिन ज़बान त्रावित्थ दोयमि जबान्य मंज़ कथ करुन या लेखुन छु त्यूतय बोड पाफ, युथ पनिन ब्यमार माजि त्रावित्थ दोयमि संजि माजि हिन्ज़ा खिदमत करनस छु।

असि मज छि अख बड बार कमी कि कशीरि नेबर नीरिथ छु असि बासान, कि कशीर हुद हर कांह चीज, संस्कृति त क्लचर छु वसिथ: कालः छि असि लडकन मेखल दिवान त पगाह छु आसान तिहुन्द योनि किलिस प्यठ। म्य छुन तरान फिकरि तेलि क्या छु मेखल दिनुक फायद, सास बोध रुपय खर्चनुक फायद। कांह सोच करनय छि असि पनुन पान परवति लागनच कूशिश करान।

अम्युक मतलब छुन यि कि असि छुन दोयमियन निश किहीं हेछुन। असि छु जरूर हेछुन, मगर तिथ पाठ्य कि असि रोज़ि पनिन हन ति संबालिथ।

पोतुस कर बो पनन्यन ब्यन्यन यि गुजारिश कि तिम म कडिन पनिनि सुहागच निशानि डयेजहुर। पजर छु यि कि गर्म मुलकन मंज रुजिथ न छि असि रोजान सो शक्ल त न सु रंग त तीज़ कि दूरि प्यठ यियि काशिर ज़नान परज़नावन। वोनि छ योहै चीज त सु छु डयेजहुर। अगर सु ति कडिथ थोव तेलि क्या रोजि अकिस काशिर ज़नानि हंज खूबी। यि छुन यूतय बल्कि डयेजहुर छुननस मज़ा छि सदियन हंज भावना त आदर, युस अकिस काशिरि ज़नानि छु पनिनिस भर्तांहस मुतलक आसान। यि छु सु रिवाज़ युस असि पानस सीत कशीरि नेबर ति ओनमुत छु, यि गछि न त्रावन युन।

यि छि स्यान व्यनती।

कॉशुर समाचार

—सामाजिक तथा सांस्कृतिक मासिक—

अंक ७ | जनवरी, १९६९/पौष-माघ, २०२४-२५ | सं० १



प्रकाशक

कश्मीरी सहायक समिति (पं०)

नई दिल्ली



वार्षिक चन्दा

५ रुपये

विषय सूची

प्रष्ठ सं०

"कॉशुर समाचार" की ओर से

पाठकों को

नव-वर्ष की हार्दिक शुभ कामनाएं।

ईश्वर करे यह वर्ष हम सब के लिए मंगलमय हो।

इस अङ्क के लेखक

श्री कण्ठ लाल म.ला कश्मीरी सहायक समिति के प्रधान हैं।

डा० ओंकार नाथ कौल, जो कि हिन्दी तथा कश्मीरी भाषा के जाने पहचाने लेखक हैं, शीघ्र ही ईलिनौई विश्वविद्यालय, U.S.A., में लेक्चरर के पद को संभाल रहे हैं।

श्री केदार नाथ 'कोमल' U.G.C. में सहायक के पद पर काम कर रहे हैं तथा हिन्दी भाषा के अच्छे कवि हैं और अब तक कुछ पुस्तकें भी प्रकाशित कर चुके हैं।

श्री शम्भूनाथ भट्ट 'हलीम' कश्मीरी भाषा के सुप्रसिद्ध कवि हैं तथा हिन्दी और उर्दू भाषाओं में भी इनकी कई कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं। आकाशवाणी के कश्मीरी विभाग में काम कर रहे हैं। इनकी कई पुस्तकों को भारत सरकार ने पुरस्कृत किया है।

श्री जानकी नाथ गन्हार एक जाने पहचाने लेखक हैं तथा इस समय श्रीनगर में भारत सरकार के फील्ड पब्लिसिटी आफीसर हैं।

श्री नन्द लाल चत्ता एक गहन विचारक तथा लेखक हैं और आजकल गान्धी जी की कृतियों के अनुसन्धान कार्य में लगे हुए हैं।

श्री शंकर नाथ कौल जो कि UNICEF में काम करते हैं अब तक कई लेख कश्मीरी भाषा में लिख चुके हैं।

डा० कुलदीप काश्मीरी श्री त्रिलोकी नाथ भट्ट (आगरा निवासी) के होनहार सुपुत्र हैं।

कुमारी नीरजा धर, पंचकुइयाँ रोड के श्री रामचन्द्र धर की होनहार सुपुत्री हैं।

कुमारी सन्तोष वजीर, श्री जानकी नाथ वजीर (किदवई नगर) की सुपुत्री हैं तथा 'काशुर समाचार' के लिए समय समय पर लिखती रही हैं।

श्री मोहन किशन कौल (ड़ेम्बी), लक्ष्मीबाई नगर के राजकीय उच्चतर माध्यमिक बाल विद्यालय में शिक्षक हैं।

श्री रमेश 'राही' तथा **राकेश मोहन** भान हिन्दी के एक उभरते हुए, कवि हैं तथा 'कशुर समाचार', के माध्यम से पाठकों में काफी परिचित हैं।

त्रिलोकी 'स्वामी जी' १५८६ मदरसा रोड कश्मीरी गेट, दिल्ली में रहते हैं तथा योग-साधना में प्रवीण हैं।

विजय कुमार ज्योत्शी—ज्योत्शी प० मधुसूदन शास्त्री बिजबिहारा (कशमीर) के सुपुत्र है तथा अपने पिताजी को पंचांग बनाने में सहायता देते हैं।

सम्पादकीय

पूज्य बापू के पद चिह्नों पर

सत्य क्या है और असत्य क्या है, धर्म क्या है और अधर्म क्या है, इसको समझने के लिए कुशाग्र बुद्धि चाहिए। जो मिथ्या नहीं और अस्तित्व में रहा है वह सत्य है और जो धारण करता है वह धर्म है। धर्म ही एक ऐसा साधन है जिससे सत्य का ज्ञान होता है और विद्या की प्राप्ति होती है। हमारे ऋषि-मुनियों, विद्वान मनीषियों और सूत्रकारों का कथन है कि जब भी धर्म की ग्लानि होती है तब भगवान स्वयं किसी-न-किसी रूप में प्रकट हो जाते हैं। भगवान का इस प्रकार अवतार धारण करना आदि काल से चला आ रहा है, और किसी भी बुद्धिमान मनीषी के विचार से यह बात सिद्ध हो सकती है कि महात्मा गांधी के रूप में ही भगवान का अवतरण हुआ था। उन्हीं महात्मा गांधी की, जिन्हें हम श्रद्धा और प्यार से बापू कहते हैं, हम इस वर्ष जन्म-शताब्दी मनाने जा रहे हैं। गांधी जी की विचारधारा का प्रभाव २०वीं शताब्दी के लोगों पर यहां तक पड़ा है कि किसी भी दिशा में आप उनके विचारों की गहरी छाप देख सकते हैं। उनके जीवन-दर्शन को समझना कोई आसान काम नहीं। अन्य संतों-दार्शनिकों की तरह गांधी जी ने भी अपने अनुभूत सिद्धान्तों की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी, और ये सिद्धान्त थे सत्य और अहिंसा। उन्होंने सारा जीवन इन्हीं सिद्धान्तों के पालन में व्यतीत किया और अन्तिम क्षणों में भी इन से अलग नहीं हुए। परिणामस्वरूप उनके ये दो सिद्धान्त ऐसे अमोघ और अमर शस्त्र हैं जो किसी भी मानव को न केवल सांसारिक प्रगति में सहायक हो सकते हैं अपितु उसके आध्यात्मिक जीवन की सहायता के लिए भी उसका संबल बन सकते हैं। वह बात चाहे वेदांत के तत् एवं ब्रह्म की हो अथवा साकार सगुण परमात्मा की, वस्तुतः एक सत्य ही किसी भी साधक प्राणी के लिए रहस्य का उद्घाटन कर सकता है, या यों कहिए कि संसार की गुत्थी सुलझा सकता है। सत्य के सहारे से ही मनुष्य संसार में नाम पैदा कर सकते हैं और ऐहिक प्रगति कर सकते हैं। दूसरा अमोघ शस्त्र है अहिंसा जो आपके कितने भी भयंकर शत्रु को शान्त कर सकता है। वेदों का कथन है कि मणि, मंत्र और औषधि के प्रभाव का ज्ञान इनके अभ्यास या सेवन से ही होता है। ऐसा किस प्रकार और क्यों होता है, इसका उत्तर विज्ञान से ही कालान्तर में मिल सकता है। किस बात का प्रभाव क्या है, आत्मा क्या है, योग क्या है—ये सभी बातें अभ्यास से ही जानी जा सकती हैं। गांधी जी के ये ही दो सिद्धान्त थे जो उनको प्यारे थे और जो वे अपने बाद की पीढ़ियों के लिए थाती के रूप में छोड़ गए। ईश्वर के समक्ष सभी एक हैं और पाशविकता को सिर न उठाने दीजिए ताकि आपकी बुद्धि मलिन और भ्रष्ट न हो—ये ही वे कथन थे जिनका अभ्यास करते-करते गांधी जी ने अपने प्राणों की आहुति दी। तो आइए, उनके जन्म-शताब्दी के इस वर्षारंभ में हम यह दृढ़ प्रतिज्ञा करें कि हम उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे और संसार को यह सिद्ध कर दिखाएंगे कि आत्मा की शक्ति किसी भी दानवीय शक्ति से अधिक है और मनुष्य-मात्र के साथ प्रेम और स्नेह करना ईश्वर के प्रति प्रेम करने से कम नहीं। जो मनुष्य प्रेम का व्यवहार करता है उसके लिए संसार में कोई शत्रु नहीं और जो शुद्ध मन से सत्य का अन्वेषण करता है उसके समक्ष विश्व के सभी रहस्य आप-से-आप खुल जाते हैं।

* * *

हम नतमस्तक हैं

इस मास का आरम्भ नव वर्ष की पहली तारीख बुधवार से होता है। हम सभी प्रायः कर्मचारी वर्ग हैं, अतः नए वर्ष के उपलक्ष्य में हमारे पाठकों को हमारी मंगल और शुभकामनायें। २ जनवरी, बृहस्पतिवार, पौष शुक्ला चतुर्दशी को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती मनाई जाएगी। योगिराज परमहंस के सर्वप्रिय शिष्य और अनन्य भक्त पूर्वात्य ईश्वरवादी संस्कृति के दूत थे 'जिन्होंने पश्चिम में जाकर ईश्वर के नाम का डंका बजाया और भारत का मस्तक ऊंचा किया। स्वामी जी को हमारी श्रद्धांजलि। माघ कृष्णा सप्तमी, जिसे हम साहिब सप्तमी कहते हैं, शुक्रवार १० जनवरी को पड़ती है। इस दिन हम अलखेश्वरी माँ रूपभवानी का स्मरण करेंगे। ईश्वरी माँ के चरणों में हमारी श्रद्धांजलि। वह हम सब का कल्याण करे। माघ कृष्णा अष्टमी, ११ जनवरी, शनिवार को पड़ती है और उस दिन हम सुभाष चन्द्र जयन्ती मनाएँगे। नेता जी की पुण्य स्मृति में हमें राष्ट्र की सेवा का दृढ़ संकल्प करना चाहिए। वही उनके प्रति श्रद्धांजलि है। बृहस्पतिवार, १६ जनवरी को माघ कृष्णा त्रयोदशी के दिन शिव चतुर्दशी का पुण्य दिवस एवं व्रत होगा। माघ शुक्ला चतुर्थी मंगलवार, २१ जनवरी को पड़ती है। उस दिन त्रिपुरा चतुर्थी (तिक्य चोरम) का पुणीत पर्व है। भवानी त्रिपुर सुन्दरी का यह पुणीत दिवस विशेष रूप से त्रिक दर्शन के अनुयायियों द्वारा मनाया जाएगा। बुधवार, २२ जनवरी को माघ शुक्ला पंचमी अथवा बसन्त पंचमी है। इसी दिन मीरा जयन्ती भी मनाई जाएगी। भगवान कृष्ण की अनन्य भक्ति में मीरा अपनी सब सुध-बुध खो बैठी थी, और उस प्रेम की दीवानी ने हमारे सामने यही आदर्श स्थापित किया था कि सगुण-साकार भक्ति ही निगुर्ण की उपासना है और एक मात्र प्रेम उस भक्ति का साधन है। शुक्रवार, २४ जनवरी की माघ शुक्ला सप्तमी का पुण्य दिवस है और इसी दिन काश्मीर में मट्टन (मार्तण्ड) तीर्थ की यात्रा होगी। माघ शुक्ला अष्टमी भीष्माष्टमी के रूप में शनिवार, २५ जनवरी को मनाई जाएगी। २६ जनवरी आते ही किसका मन प्रफुल्लित नहीं हो उठता और कौन सिहरन अनुभव नहीं करता। माघ शुक्ला नवमी, रविवार को ही हमारा यह राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस मनाया जाएगा और सारा राष्ट्र आनन्द से विभोर होगा। माघ शुक्ला दशमी मंगलवार २८ जनवरी को पड़ती है और इस दिन जयशंकर प्रसाद जयन्ती मनाई जाएगी। हिन्दी के इस सिरमौर कवि की कृतियों ने विश्व साहित्य में हिन्दी भाषा एवं साहित्य को मान-पद दिलाया। इस अमर साहित्यकार के प्रति हमारी श्रद्धांजलि। जनवरी मास का अन्तिम पुण्य दिवस माघ शुक्ला द्वादशी बृहस्पतिवार ३० जनवरी को पड़ता है। यह हमारे राष्ट्रपिता बापू का श्राद्ध-दिवस है। गांधी शताब्दी वर्ष के आरम्भ के कारण इस पुण्य तिथि का विशेष महत्व है। बापू के प्रति श्रद्धांजलि अर्पण करने का एक मात्र मार्ग है उनके बताये सिद्धान्तों पर चलना, पतितों को उठाना और देश की सेवा करना। निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही एक कर्मयोगी का धर्म है और बापू का बताया मार्ग भी यही सेवा धर्म है।

बापू ने कहा था

दहेज : जो युवक शादी के लिए दहेज की शर्त रखता है, वह अपनी तालीम को और अपने देश को बदनाम करता है और साथ ही स्त्री जाति का अपमान करता है।

दहेज के मिटाने वाले रिवाज की निंदा करने वाला जोरदार लोकमत पैदा होना चाहिए और जो युवक इस तरह के पाप के पैसे से अपने हाथ गन्दे करें उन्हें समाज से बाहर निकाल देना चाहिए।

स्त्रियां और जवाहिरात : इस देश में, जहां करोड़ों आधे पेट रहते हों और लगभग अस्सी फीसदी लोगों को नाकाफी पौष्टिक भोजन मिलता हो गहने पहनाना आँख को बुरा लगता है।

मेरी राय में कीमती जेवर पहनाने से देश का साफ नुकसान है। यह तो इतनी सारी पूंजी को रोक रखना या जो इससे भी बुरा है उसे बर्बाद हो जाने देना हुआ।

प्रगति के पथ पर

कण्ठलाल मल्ला

मैं अपनी बिरादरी के गण्य मान्य सदस्यों को नव वर्ष की शुभ कामनाएं देता हूं और उनकी शान्ति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेरा यह सौभाग्य है कि मैं 'समाचार' द्वारा उनके साथ अपने अनुभवों और भावनाओं को व्यक्त करता रहूं। कॉशुर भवन के मुकम्मिल होने पर हमें जो प्रसन्नता हुई है उसे उनसे कैसे छिपा सकता हूं। एक वर्ष और व्यतीत हुआ और भवन को पूरा करने का हमारा लक्ष्य लगभग पूरा हो चुका है। इस तरह से हमें अपना भवन न होने के कारण जिस कठिनाई का सामना करना पड़ता था वह अब समाप्त हुई है। हमारी अब यह कोशिश होनी चाहिये कि हम इस भवन का सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए ज्यादा से ज्यादा फायदा उठावें। साज सजावट, जिसमें कि अभी कुछ और समय लगेगा, को छोड़कर भवन लगभग तैयार है। मैं 'समाचार' द्वारा आपसे फिर एक बार अपील करता हूं कि आप अपने सामर्थ्य के अनुसार इसमें अपना योगदान दें जिससे कि हमारी चिर-आकांक्षा पूरी हो।

कहना न होगा कश्मीरी सहायक समिति—जो कि राजधानी के काश्मीरवासियों की एक गैर–सियासी सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था है—१९५३ में अस्तित्व में आई। इस तरह की संस्था की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि बिरादरी के सदस्यों के बीच एकता की भावना बनी रहे और दिल्ली में उनके लिए उसी तरह का सामुदायिक वातावरण बना रहे जिसके कि वह काश्मीर घाटी में अभ्यस्त हैं। यह समिति सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट १८६० के अन्तर्गत जनवरी, १९५८ में पंजीकृत की गई। इस संस्था के मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद काश्मीरियों को सहायता पहुंचाना, बिरादरी के बच्चों के लिए स्कूलों आदि का संगठन करना, काश्मीरियों को मुलाजिमत के अवसर ढूंढ़ने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन तथा सहायता करना और इन सबसे बढ़कर कश्मीर की सांस्कृतिक थाती को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करना है। इसी के अनुसार समिति ने अपने लिए कुछ नियम बनाए हैं और मुझे यह कहने में गर्व है कि इसने समाज सेवा का एक शानदार रिकार्ड कायम किया है, अस्पतालों में बीमारों को सहायता पहुंचाई है और काल-कवलित व्यक्तियों के आश्रितों को तत्काल सहायता पहुंचाई है।

गत वर्ष समिति ने कश्मीरी संस्कृति के वैभव को बनाये रखने के लिए समय-समय पर नाटकों, संगीत समारोहों तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया। चित्रकारी, ड्राइंग, कविता पाठ, एकल-अभिनय आदि की प्रतियोगिताएं करवाई गईं और मुझे यह कहने में खुशी है कि इसमें केवल काश्मीरी प्रतिभा ने ही भाग लिया और अपनी सफलता का प्रदर्शन किया। इस वर्ष मंच पर जो अन्तिम खेल खेला गया उससे हम सब की आंखें खुल गई और हमें इस बात का आभास हुआ कि सषुप्त अवस्था में पड़ी प्रतिभा को यदि जगाया जाय तो वह किस कदर चमत्कारिक सिद्ध हो सकती है। श्रोतागण ने हमारे बच्चों द्वारा मंच पर किए गए सांस्कृतिक प्रदर्शन पर आश्चर्य प्रकट किया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षाओं में प्रतिभा दिखाने के लिए पुरस्कारों का एलान किया गया और सर्वश्रेष्ठ छात्रों को उनकी प्राप्तियों और सफलताओं के लिए पुरस्कार दिए गए। मुझे यह कहने में जरा भी संकोच नहीं कि हम अपने उन निःस्वार्थ कार्यकर्ताओं के प्रति आभारी हैं जिन्होंने कि हमारे इन समारोहों को सफल बना दिया। मैं समिति की ओर से उन कार्यकर्त्ताओं की निःस्वार्थ सेवाओं की भी प्रशंसा करना चाहता हूं जिन्होंने हमारी मासिक पत्रिका 'कॉशुर समाचार' को प्रकाशित करवाने में मदद की है। यदि हमारी बिरादरी के सदस्य समाचार में दिए गए लेखों को पसन्द करेंगे और उनसे प्रभावित होंगे तो हम अपने आपको धन्य समझेंगे।

भवन के सुसज्जित करने के साथ ही—और हमें आशा है कि बिरादरी के सहयोग से यह काम भी होगा—हमारा दस बरस पुराना दिया वचन केवल सात बरस में पूरा होगा। आपको याद होगा कि अमर कालोनी, लाजपत नगर-४ में ०.२४ एकड़ क्षेत्रफल का

प्लांट भारत सरकार से फरवरी १९६२ में चन्दे पर प्राप्त किया गया था और इसके लिए उनको ९००० रुपये प्रीमियम के तौर पर दिया गया था और साथ ही उन्हें ४३२ रुपये प्रति वर्ष भूमि-कर के रूप में देने की जिम्मेदारी उठा ली गई है। भवन तथा सभागृह (Auditorium) का शिलान्यास १२ फरवरी १९६७ को डा० हृदय नाथ कुंजुरू तथा श्री एम० एन० कौल संसद सदस्य के कर-कमलों द्वारा किया गया। निर्माण का काम ४ अक्तूबर १९६७ को शुरू हुआ। इमारत को खड़ा करने का अधिकांश काम फरवरी १९६८ तक पूरा हुआ और इसके बाद ही इसके अन्य अन्दरूनी काम शुरू किये गए। मुझे पूरा विश्वास है कि जल्दी ही हम इस कार्य को सम्पन्न कर पायेंगे जिससे कि हमारा यह सपना साकार होगा। इसके बाद यह हमारी सांस्कृतिक गतिविधियों से गूंज उठना चाहिये और इसे राजधानी में कश्मीरी कला और संस्कृति के केन्द्र के रूप में ख्याति प्राप्त होनी चाहिए।

यहां मैं अपनी संस्कृति और विशेषकर अपनी भाषा के सम्बन्ध में दो शब्द कहना चाहता हूं। अपनी मातृभाषा की उपेक्षा करके अथवा उसको भूलकर कदाचित मनुष्य की दशा वैसी हो जाती है जैसे कि उस शेर के बच्चे की जिसने कि निःसन्देह शेरनी की कोख में जन्म लिया था किन्तु जो परस्थितिवश अपनी जात से अलग होकर भेड़ बकरियों के रेवड़ में पड़ गया था। चिरकाल तक वह यही समझता रहा कि वह भी उन्हीं में से एक है। उसे अपने स्वरूप का बोध केवल तभी हुआ जबकि किसी दूसरे शेर ने गर्जना करके उस रेवड पर हल्ला बोल दिया। शेर का बच्चा समझ गया कि वह भी उसी तरह से गरज सकता है। वह शेर है भेड़ बकरी नहीं, हमारी बिरादरी के भाइयों को स्मरण रहना चाहिये कि वे अपने स्वरूप को केवल तभी ठीक-ठीक पहचान सकते हैं जबकि वह अपनी भाषा को अपने से अलग न होने दें। दुर्भाग्यवश हमारे कुछ भाइयों ने उसकी उपेक्षा की है।

अपने कथन को समाप्त करने से पूर्व मैं उन सभी सज्जनों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करना चाहता हूं जिन्होंने भवन निर्माण निधि में अपना योगदान दिया है। मैं अपने उन मित्रों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करना चाहता हूं जिन्होंने कि निःस्वार्थ भाव से काम करके हमारी योजना को सफल बनाया है अथवा अन्य रूपों में समिति की सेवा की है।

संक्षिप्त समाचार

राजधानी से

काचरू भाई जीवन के मोड़ पर

श्री ए०एन० काचरू (लक्ष्मीबाई नगर) के सुपुत्र राजकुमार काचरू गतमास भारतीय वायु सेना में पैलोट ग्रोफिसर नियुक्त हुए हैं। राजकुमार के बडे भाई विजयकुमार, बजाज ग्रोटोस्, पूना में इन्जीनियर पद पर स्थायीरूप से नियुक्त हुए हैं।

रमेश एन०डी०ए० में

श्री के०एन० दर (सूबे: मेज:) के सुपुत्र श्री रमेश दर संघ लोक सेवा ग्रायोग के द्वारा एन०डी०ए० ग्रागामी कोर्स के लिए चुने गये हैं।

गंज्जु की प्रगति

श्री ग्रोंकारनाथ गज्जू के भाई, केप्टन ए०के० गंज्जू गैरिज़न इन्जीनियर, पिथोरागढ़, मेजर के पद पर नियुक्त हुए हैं। गंज्जू साहिब ने नवम्बर मास में रुड़की स्थित जी०ग्रार०ई० एफ सेन्टर के कमान्डिंग ग्राफिसर पद का कार्य भार संभाल लिया है।

बेटिक पेंन्टिग

बडे हर्षोल्लास से यह संदेश दिया जाता है कि श्री के०खोसा, सुप्रसिद्ध चित्रकार, बेटिक पेन्टिग क्लासेज़ का ग्रायोजन रामाकृष्णापुरम सेक्टर IV-179, नई दिल्ली में कर रहे हैं। खोसा साहिब नियमित रूप से बेटिक पेंटिंग की कक्षाग्रों का ग्रारम्भ कर रहे हैं। विशेष जानकारी के लिए उनसे मिलकर कोर्स ग्रादि के बारे में पता किया जा सकता है।

ग्रशोक मट्टू की नियुक्ति

श्री विश्म्भर नाथ मट्टू के सुपुत्र श्री ग्रशोक कुमार मट्टू लारसन टोब्रो में मैकनिकल इंजिनियर के पद पर नियुक्त हुए हैं।

देहरादून से

नई कार्यकारिणी समिति

कश्मीर सहायक सभा, देहरादून की नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई है जिसके सदस्य निम्नलिखित हैं—

श्री एस०के० तिक्कू—सभापति
श्री के०एन० राज़दान—उपसभापति
श्री सी०एल० कौल—सचिव
श्री एम०के० वली—संयुक्तसचिव
श्री बी०पी० शिवपुरी-कोषाध्यक्ष

सर्वश्री डा० सी०एल० पेशिन, मेजर एच०एम० दत्तात्रेय, जे०एन० काचरू, के०के० कोल, ए०के० कौल—सदस्य।

हमारा पंचाङ्ग

जनवरी मास के लिए

माघ कृष्ण पक्ष

जनवरी		
२ (गुरुवार)	...	विवेकानन्द जयन्ती।
६ (गुरुवार)	...	स्वामी ग्राफताभजी श्राद्ध-कारहामा।
१० (शुक्रवार)	...	साहिब सप्तमी।
११ (शनिवार)	...	सुभाष चन्द्र जयन्ती।
१३ (सोमवार)	...	मासान्त।
१४ (मंगलवार)	...	शिशर संक्रान्ति।
१६ (गुरुवार)	...	शिव चतुर्दशी।
१८ (शनिवार)	...	ग्रमावस

माघ शुक्ल पक्ष

जनवरी		
२० (सोमवार)	...	गौरी तृतीया, ५ बजे ५८ मि० प्रात: पंचक ग्रारम्भ।
२१ (मंगलवार)	...	त्रिपुरा चतुर्थी।
२२ (बुधवार)	...	बसन्त पंचमी, मीरा जयन्ती।
२३ (गुरुवार)	...	कुमार षष्ठी व्रत।
२४ (शुक्रवार)	...	सप्तमी ६ बजे ४८ मि० सायं पंचक समाप्त।
२५ (शनिवार)	...	भीष्माष्टमी।
२६ (रविवार)	...	गणतन्त्र दिवस।
२८ (मंगलवार)	...	दशमी, जयशंकर प्रसाद जयन्ती।
२९ (बुधवार)	...	भीमसेन एकादशी।
३० (गुरुवार)	...	महात्मा गांधी श्राद्ध।
३१ (शुक्रवार)	...	यक्षिणी चतुर्दशी।

कश्मीरी रामकथा-काव्य में राम

डा० ओंकार कौल एम०ए०, पी-एच०डी०

कश्मीरी भाषा में सात रामायण लिखे जा चुके हैं, जिनके नाम क्रमानुसार इस प्रकार हैं—'प्रकाश रामायण' (रचनाकाल १८वीं शताब्दी उत्तरार्थ), 'शंकर रामायण' (रचनाकाल—१८७० ई०), 'आनंद— रामावतारचरित' (रचनाकाल १८८० ई०), 'विष्णुप्रताप रामायण' (रचनाकाल १९१३ ई०), 'शर्मा रामायण' (रचनाकाल १९१९—१९२६ ई०) 'ताराचन्द रामायण' (रचनाकाल १९२७ ई०) तथा 'अमर रामायण' (रचनाकाल १९४० ई), सभी रामायणों के अन्तर्गत राम का चरित्रांकन अलौकिक और लौकिक दोनों रूपों में हुआ है। अलौकिक रूप में वे निर्गुण—सगुण ब्रह्म और विष्णु-अवतार के रूप में चित्रित हुए हैं और लौकिक रूप में आदर्श मानव-चरित्र एवं कथा-नायक के रूप में।

कश्मीरी 'प्रकाश रामायण' के अनुसार जीव, जगत, प्रकृति के अतिरिक्त सगुण-ब्रह्म विष्णु, और शिव में उनका ही रूप समाहित है। 'विष्णु-प्रताप रामायण' में भी राम परंब्रह्म, विष्णु और महेश के त्रिगुणात्मक समरूप हैं। जीव-जगत् की सृष्टि, पालन और संहार वे स्वयं करते हैं। वे सर्वज्ञ, अजस्र, अगम, अपार आनन्दगण एवं शांतिदायक अलौकिक गुणों से सर्वसम्पन्न हैं—

अगम अपार सर्विज्ञ राम ज़ानुन
त्रिगुणात्मक सियावर राम ज़ानुन
अजम अमर परमात्मन राम
अलौकिक शांति परमानंदगन राम
प्रभु परमात्मा निर्लीप रामइ
महेश, वेष्न त ब्रह्मरूप रामइ ॥

राम को नौ-गृहों, अष्ट-सिद्धियों तथा नौ-निधियों का स्वामी कहा गया है, जिनका सुप्रकाश सूर्य और चन्द्रमा में विद्यमान है। राम त्रिलोक स्वामी हैं और सीता उनकी माया-शक्ति। राम को वेदों तथा उपनिषदों का सार और ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव से ऊँचा माना गया है। राम के निगुण ब्रह्मरूप का चित्रण 'आनन्द- रामावतार चरित, में भी सविस्तार हुआ है। 'शर्मा रामायण' में राम को निर्गुण-सगुण ब्रह्म, विष्णु और शिव से भी ऊँचा माना गया है। वे सभी उनकी स्तुति-वन्दना करते हैं।

निर्गुण-ब्रह्म की अपेक्षा राम को सगुण-ब्रह्म या विष्णु-रूप का चित्रण कथा-काव्य में अधिक यथार्थ और स्वाभाविक ज्ञात होता है। राम के विष्णु-अवतार की वन्दना—सभी रामायणों में देवी-देवताओं और पात्रों द्वारा करायी गई है। 'प्रकाश रामायण' में अहिल्या, कैकेई, मन्दोदरी, मारीच राक्षस, इन्द्रजित तथा वाल्मीकि ऋषि आदि—राम के विष्णु-अवतार रूप की ही वन्दना करते हैं। 'विष्णु प्रताप रामायण' में शिवजी, सुलोचना और बिन्दुमती भी राम के विष्णु-अवतार की स्तुति करते हैं। 'आनन्द—रामावतारचरित' में शेषनाग पर आसीन समस्त कलाओं से युक्त विष्णु राम की वन्दना कवि आनन्दराम राजदान और देवता अलग-अलग से करते हैं। 'शर्मा रामायण' में भी ब्रह्मा, इन्द्र, महादेव शिवजी के अतिरिक्त मारीच, बिन्दुमती और मन्दोदरी द्वारा राम के विष्णु-अवतार रूप की अलग-अलग वन्दना करायी गई है।

राम का लौकिक आदर्श चरित्र ही उनको ब्रह्मकक्षीय ऊँचाई तक लेजाकर उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' की संज्ञा से अभिहित करता है। राम में आदर्श मानवोचित सरलता, सहृदयता, उदारता, सहिष्णुता, वीरता, विवेक, संयम तथा रागानुराग के वे सभी गुण-तत्व विद्यमान हैं जिनके विपुल सामंजस्य से उनका चरित्र लोक में प्रतिष्ठत आदर्श की संस्थापना करने में समर्थ सिद्ध होता है। सभी उदात्त गुणों से सर्वसम्पन्न वे आदर्श पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में पाठकों के सामने आते हैं।

'प्रकाश रामायण' में माता पिता की आज्ञा शिरोधार्य करके और उनसे विदा होते हुए राम की आखों से अश्रु-मोती टपकते हैं। इसी तरह पिता की मृत्यु की सूचना पाकर वे साधारण मानव की भांति करुण प्रलाप करते हुए फूट-फूट कर रोते हैं। दिवंगत पिता के सत्य-धर्म पर बार-बार बलि होने की आकांक्षा अभिव्यक्त करते हैं। विमाता कैकेई के प्रति उनके हृदय में लेश-मात्र भी द्वेष-भाव नहीं है, उनके सामने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए अपने भाग्य को ही वन-गमन के लिए उत्तरदायी ठहराते हैं।

भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न तीनों अनुजों के प्रति राम के भ्रातृ-प्रेम का परिचय सभी रामायणों में उपलब्ध है किन्तु भरत और लक्ष्मण के प्रति उनके भ्रातृ-प्रेम का निरूपण प्रदान रूप में हुआ है। लक्ष्मण मूर्च्छा पर करुण रुदन-प्रलाप और निजी असमर्थता एवं निःसहायावास्था व्यक्त करना उनके अद्वितीय भ्रातृ-प्रेम का परिचायक है। लक्ष्मण के पुनर्जीवित होने पर राम के अत्यधिक हर्षोल्लास और इष्ट आराध्य की स्तुति-वन्दना का भी उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार चित्रकूट में राम-भरत भेंट और अयोध्या आगमन पर भरत-मिलन प्रसंगों में भरत के प्रति उनके प्रेम की सुन्दर अभिव्ययंजना हुई है।

राम एकनिष्ठ पत्नीव्रतधारी हैं। वनगमन पूर्व सीता के अंग-प्रत्यंग का कोमल रूप-वर्णन करके बनवास के असह्य दुखों की परिकल्पना से संत्रस्त वे उन्हें घर रोकने का प्रयत्न करते हैं। सीता-हरण के पश्चात् व्याकुल होकर प्रकृति के कण-कण से सीता का पता पूछते फिरते हैं—

वदान न्यथरौ छकान रथ पान मारन
प्छान शेछ आस्य सुबहकेन सितारन

(प्रकाश रामायण)

सीता-परित्याग के पश्चात् विक्षुब्धता की गहरी सीमाओं में विचरण करते हुए सीता के प्रति भ्रमास्पद दुष्कल्पनाएँ करके और अधिक दुःखी होते हैं।

सीता-परित्याग-प्रसंग उनकी संवेदनाओं को अधिक स्पष्ट रूप में पाठक के सामने लाता है। राम करुणा-सिक्त आत्मीय शब्दों में सीता को वाल्मीकि-आश्रम से घर लौटाने का अनुरोध करते हैं और उनके पृथ्वी में समा जाने पर करुण प्रलाप करते हैं।

कश्मीरी राम कथा-काव्य में राम को आदर्श शासक और राजनीतिज्ञ के रूप में भी चित्रित किया गया है। 'रामराज्य' का विशद वर्णन सभी रामायणों में उपलब्ध है। 'विष्णु प्रताप रामायण' में राम की राजनीति और राम राज्य का सविस्तार वर्णन मिलता है। प्रस्तुत रामायण में राम कुशल राजनीतिज्ञ हैं, लंका-युद्ध पूर्व वे समस्त सेना और सेनाधिकारियों को राजनीति के अन्तर्गत अनिवार्य युद्ध-कर्म का उपदेश देते हैं।

सभी रामायणों में बालरूप में मारीच-ताड़का युद्ध से लेकर सभी युद्ध-वर्णनों में राम की अलौकिक वीरता एवं उनके अद्भुत शौर्य का वर्णन मिलता है, किन्तु सर्वत्र उनकी युद्ध वीरता अलौकिक शक्ति के अधीन ज्ञात होती है।

कश्मीरी रामकथा-काव्य में राम शिव के अनन्य आदर्श भक्त के रूप में भी चित्रित हुए हैं। प्रबल शिवोपासना से प्रेरित होकर कश्मीरी कवियों ने विविध स्थलों पर राम द्वारा सहायतार्थ शिव की आराधना कराई है। प्रकाश-रामकृत 'प्रकाश रामायण' और विष्णु कौल द्वारा रचित 'विष्णु प्रताप-रामायण' में उनकी शिव-भक्ति मुखर है। 'प्रकाश-रामायण' में राम अपनी वाञ्छाओं की पूर्ति तथा रावण-वध में सफलता-प्राप्ति के लिए शिव की वन्दना करते हैं। 'विष्णु प्रताप-रामायण' में राम पिता की मृत्यु के पश्चात निजी दुख के निवारणार्थ शिव-कृपा की आकाँक्षा करते हैं तथा समुद्रलंघन प्रसंग में शिव-पार्वती की वन्दना करते हैं। एकाध स्थल पर कार्य-सिद्धि के हितार्थ राम द्वारा महागणेश की स्तुति-वन्दना करायी गई है।

गोस्वामी तुलसीदास रामभक्ति की प्रबल भावना से दबकर राम को लोक के बीच केवल आदर्श चरित्र तक ही नहीं ले जासके, उन्होंने 'रामचरितमानस' में पग-पग पर अपने चरित्र-नायक में ईश्वरत्व के दर्शन कराये। परिणामस्वरूप लोक के बीच राम के केवल मानवीय आदर्श की संस्थापना न हो सकी। मानसकार का मुख्य उद्देश्य राम को परब्रह्म या विष्णु के रूप में चित्रित करना ही था, जहाँ कहीं भी उन्हें राम के मानवीय दोष की स्वल्प संभावना भी प्रतीत हुई, कवि ने शीघ्र ही उसे 'नर-लीला' के आवरण में छिपाने का प्रयत्न किया है। कश्मीरी रामायणों में राम के अलौकिक रूप का पग-पग पर प्रतिपादन होने पर भी वह कहीं भी उसके लौकिक आदर्श चरित्र के निरूपण में बाधक सिद्ध नहीं होता है। उनके चरित्र में मानवोचित सभी गुण-दोषों का समन्वय मिलता है और उनके अलौकिक चरित्र का संकेत अधिकतर पात्रों एवं देवी-देवताओं की स्तुतियों में ही मिलता है।

बापू की याद में—दो कविताएँ

केदार नाथ कोमल

शब्दों के अर्थ

बापू ! तुम कितने अच्छे थे
बिना खड्ग ढाल के
हमें आजादी दिला दी :
दुनिया के कोने कोने में
धूम मचा दी ।
बापू ! तुम कितने अच्छे थे
सत्य अहिंसा की ज्योति जगाकर
रघुपति राघव का गीत सुनाया
नगर-नगर की डगर-डगर में
एकता का झण्डा लहराया !
बापू ! हम भी क्या अच्छे हैं
सत्य, अहिंसा, मानवता के पवित्र शब्द
मात्र दोहराते हैं;
पर इन शब्दों के अर्थ
हम भूलते जाते हैं !

गोलियों की गूंज में

घृणा की आँधी चली
चारों तरफ अँधेरा
हो गया !
गूंज उठी गोलियाँ
समय की टहनी से
बहुत-बहुत प्यारा फूल
झर गया !
करोड़ों मनुष्यों का प्यारा
भारत-माँ की आंखों का तारा
बुद्ध-ईसा- नानक-सा
हमारा बापू
मर गया !
झूठ सत्य को धोखा देकर
अपना काम
कर गया !
इक्कीस बरस बीत गए
किंतु घाव हमारा
आज भी ताजा है
जैसे कल की बात हो,
चमकेगा ध्रुव तारे की तरह घाव हमारा
चाहे कितनी गहरी रात हो !

बापू ने कहा था

शम्भु नाथ भट् 'हलीम'

कहीं जुल्म से हार जाना न हर्गिज़।
कहीं प्रेम से डगमगाना न हर्गिज ।
कभी न्याय का तोल करना न धन से,
द्विधा को कहीं मन में लाना न हर्गिज ।।

कभी दो दिलों में न नफरत बढ़ाना,
न निर्बल मनुज को डराना-भगाना,
मतों-धर्मवादों को पथभ्रष्ट करके—
अविश्वास मानव का यों मत बढ़ाना ।।

नहीं बेचना खौफ़ से जान-ओ-तन को,
बचाना प्रलोभन के चक्कर से मन को,
पराये के दुःख पर न बेदर्द बनना—
धधकता अनल हो न फूंको पवन को ।।

कभी राज़ की बात ज़ाहिर न करना,
वचन दे के हर्गिज़ मुकरना न टलना,
सचाई के परिवेश में झूठ रखकर—
कभी ज़िन्दगी को न बेकार करना ।।

कहीं कौम अन्धी न हो रोशनी में,
भरे कोष पर दिन कटें मुफ़लिसी में,
तुला न्याय की डोल जाये न हर्गिज—
कभी कौम आकुल न हो बेबसी में ।।

यह पूंजी पति निर्धनों को छले ना,
यह दौलत की जोरावरी फिर फले ना,
कहीं खो न जाय यह मोती के दाने—
अनेकत्व में एकता मर चले ना ।।

ये बातें हमें जिस 'पिता' ने बताई,
जगत को जिन्होंने मुहब्बत सिखाई,
मनुजता उभारी स्वबलि देके जिसने—
जिसे सद्विचारों की नित याद आई ।।

उसी युग पुरुष को नमस्कार मेरा,
उसी आदर्श को नमस्कार मेरा,
जो जन्मे तो भारत में नवप्राण आये—
शताब्दी वर्ष को नमस्कार मेरा ।।

स्वामी विकानन्द की कश्मीर यात्रा

जानकीनाथ गन्हार एम० ए०

कश्मीर ने बाहर के लोगों को सदैव मुग्ध एवं आकर्षित कर लिया है। आजकल जो यात्री घाटी की सैर को आते हैं, वे बहुधा इस भूखण्ड की प्राकृतिक सुषमा से आनंदित होने आते हैं; किन्तु प्राचीन काल में यहां आने वाले पर्यटकों का यह उद्देश्य नहीं होता था। यहां आने वाले यात्री प्रायः आत्मत्यागी, परिव्राजक, भिक्षु एवं साधु-संत होते थे, जो वन पर्वतों के कुंजों एवं गिरि-गह्वरों में ध्यान-मग्न होने के लिए तथा उस रहस्य को पाने के लिए जा बैठते थे, जो मानव के दुःखों का मूल है। यह भूभाग सत्यान्वेषियों का आश्रय था।

नाग जाति के लोगों के पश्चात् जो लोग यहां पहले आये वे बौद्ध भिक्षु थे। वे अशोक महान् के राज्यकाल में यहां आये। उनके उपरान्त हिन्दू सन्तों का आगमन हुआ। उन्हें अशोक के उत्तराधिकारी इसलिए यहां ले आये ताकि बौद्ध प्रभाव के अन्तर्गत जिन परम्पराओं का ह्रास होने लगा था, वे पुनः स्थापित किये जायं। इसके पश्चात् लगभग तीन शताब्दियों के उपरान्त कश्मीर में बौद्धों की चतुर्थ महापरिषद् का आयोजन किया गया। उसमें भाग लेने के लिए लगभग एक हजार बोधिसत्व और अर्हत घाटी में आये। महापरिषद् के कारण कश्मीर का इतना अधिक मान-वर्धन हुआ कि यह भूखण्ड शारदापीठ अर्थात् सरस्वती का अधिष्ठान माना जाने लगा। इसके अनन्तर विद्वान एवं विचारक तब तक अपनी विद्या पूर्ण नहीं मानते थे या अपने आचार्यत्व को सर्वसम्मत नहीं समझते थे, जब तक वे कश्मीर आकर यहां के धुरंधर विद्वानों का शिष्यत्व प्राप्त न करते या उनके साथ शास्त्रार्थ में पूरे न उतरते। जो विद्वान इस प्रकार कश्मीर आये, उनमें नागार्जुन, कुमारजीव, वसुबंधु, ह्वान च्वांग और दिग्विजयी शंकराचार्य जैसी महान विभूतियां सम्मिलित हैं। शंकराचार्य के नाम पर श्रीनगर की मुख्य पहाड़ी अभी तक स्थित है, और उनके वरेण्य नाम का स्मरण कराती है।

भूस्वर्ग में महात्माओं और अल्लाह के प्यारे औलियाओं का आना इस्लाम के आगमन से बन्द नहीं हुआ। बल्कि इस्लाम के आते ही मुस्लिम पीर और दर्वेश भारी संख्या में घाटी में आये। इनमें से अधिकांश सूफियों ने धर्म प्रचार और इस्लाम के अनुयाइयों का विस्तार करने का काम किया। किन्तु सन्यासियों और श्रमणों का आगमन तब भी जारी रहा। वे कश्मीर के अनेक विख्यात तीर्थों की यात्रा करने आते रहे।

ज्यों-ज्यों इस शताब्दी के आरम्भ से यातायात के साधनों का विकास होने लगा, त्यों-त्यों कश्मीर आने वाले यात्रियों एवं पर्यटकों की संख्या में आशातीत वृद्धि हो गई। इनमें सैंकड़ों बल्कि हज़ारों यात्री एवं साधु होते हैं, जो मुख्यतः श्री अमरनाथ जी, खीर भवानी, ज्वालामुखी, त्रिपुरसुन्दरी, वैष्णो देवी एवं अन्य अनेक तीर्थों का पुण्यार्जन करने आते हैं।

पिछली शताब्दी में जो संत लोग कश्मीर-यात्रा पर आये, उनमें सर्वतोमहान् ईश्वर-भक्त थे स्वामी विवेकानन्द जी महाराज। स्वामी जी का जन्म-नाम नरेन्द्र नाथ था। वे जनवरी १८६३ में कलकत्ता के एक मध्यवर्ती घराने में पैदा हुए थे। बाल्यावस्था से ही नरेन्द्र ऐसा आभास देते रहे जिससे यह जान पड़ता था कि भविष्य में वे कोई महान विभूति बनने वाले हैं। वे शरीर से भी हृष्ट-पुष्ट थे और बुद्धि से भी प्रतिभावान् थे। घर हो पाठशाला हो, या खेल का मैदान हो—सर्वत्र वे हावी रहते थे। मगर बचपन से ही वे स्वभावतः भगवे वस्त्रधारी साधुओं की ओर आकृष्ट होते रहे और जब कभी उनके द्वार पर कोई साधु आता था तो वे दौड़कर अवश्य कुछ-न-कुछ भेंट दे आते थे।

बाल्यकाल में नरेन्द्र ने रामायण और महाभारत की वीरतापूर्ण और उद्धारक कथाएं खूब सुनी थी। दसवीं श्रेणी की परीक्षा प्रथम डिवीजन में उत्तीर्ण करके जब वे कालेज गये तो वहां पर उन्हें विभिन्न राष्ट्रों के इतिहास और पाश्चात्य दर्शन की कुछ श्रेष्ठ कृतियों को पढ़ने का अवसर मिला। विदेश की इस विचार सरणी के सम्पर्क से नरेन्द्र के मन में अपने देश के दर्शन एवं विज्ञान के बारे में कुछ सन्देह और द्विविधाएं पैदा हो गई। इसी अन्तर्द्वन्द्व एवं किंकर्त्तव्य विमूढ अवस्था में उन्होंने स्वामी रामकृष्ण परमहंस का आंचल थामा जिन्हें कालेज में

स्नातक बनने से पूर्व जानते थे। दक्षिणेश्वर के इस सन्त ने न केवल उनके सारे सन्देह एवं भ्रम दूर किये अपितु उनके जिज्ञासु मन पर ऐसा जादू का सा प्रभाव डाला कि वे उनके एक अनन्यतम शिष्य ही बन गये।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस को अन्तर्ध्यान हुए सम्भवतः छः एक वर्ष हुए होंगे जबकि स्वामी विवेकानन्द अमरीका एवं योरुप की यात्रा पर गये। यही वह जगद्विख्यात यात्रा थी जबकि सितम्बर १८९३ में उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म महा सम्मेलन में भाषण किया और अपने ऐतिहासिक प्रवचन से पश्चिम को, एक दृष्टि से जीत लिया। इस भाषण पर जो संपादकीय 'न्यूयार्क हेरल्ड' ने लिखा था, उसमें कहा गया था, "वे (स्वामी विवेकानन्द) निस्सन्देह विश्व धर्म महा सम्मेलन में सर्वतो महान विभूति है उनका भाषण सुनने के पश्चात् हमें अनुभव होता है कि विद्या-बुद्धि के ऐसे देश (भारत) में प्रचारक भेजना कितनी मूर्खता है।"

स्वामी जी १८९७ ई० के आरम्भ में भारत लौटे। इसके तीन महीने बाद उन्होंने उत्तर भारत की यात्रा की। यही वह समय था जब स्वामी जी कश्मीर पधारे।

जून का अर्द्ध भाग था जब स्वामी विवेकानन्द कश्मीर पहुंचे। उनके साथ उनकी तीन विदेशी शिष्यायें—श्रीमती ओल बुल, कुमारी मैक्लियोद तथा कुमारी मार्ग्रेट नोबल थीं। कुमारी नोबल को भारत में बहन निवेदिता के नाम से लोग ज्यादा जानते हैं।

विश्व धर्म महा सम्मेलन एवं अमरीका व योरुप में अपने प्रभावशाली भाषणों के कारण स्वामी जी भारतीय जन गण के श्रद्धेय महात्मा बन गये थे। अतः देश के अन्य भागों की ही तरह कश्मीर में भी इस पुरुष सिंह का अभिवादन किया गया। वे जहां भी जाते, लोगों के झुन्ड के झुन्ड भारत माता के इस महान सपूत के दर्शनों को उमड़ आते।

तब तक यूरोपीय यात्री विशेषतः अंग्रेज पर्यटक पर्याप्त संख्या में कश्मीर आने लगे थे। किन्तु उनके साथ साम्राज्य का एक रुआब-सा लगा रहता था। चुनांचे भारत के अन्य स्थानों की भांति कश्मीरी भी अंग्रेज मेमों या साहबों की ओर उगंली से संकेत करने तक का साहस बटोर नहीं पाते थे। इसलिए कश्मीरियों का हृदय यह देखकर बहुत ही उत्साहित हुआ कि हमारे देश का भी एक ऐसा व्यक्ति है, जिसके दर्शनों के लिए ऊंची जाति की योरुपीय महिलाएं तक लालायित है।

श्रीनगर में कश्मीर नरेश महाराजा प्रताप सिंह ने स्वामी जी को निमंत्रित किया। स्वामी जी से भेंट होने पर जो बातें हुई, उनमें अन्य बातों के अतिरिक्त स्वामी जी के इस विचार पर भी विमर्श किया गया कि कश्मीर में एक संस्कृत महाविद्यालय और मठ स्थापित हो। किन्तु महाराजा के पक्ष में होने के बावजूद यह विचार कार्यान्वित न हो पाया; क्योंकि विदेशी शासकों को यह सुझाव नहीं भाया।

स्वामी जी ने कश्मीर की यात्रा का भरपूर आनन्द लिया क्योंकि यह घाटी जहां प्रकृति की छटा से निखरी है वहां यह स्थान आध्यात्मिक संगतियों से भी पुण्य स्थल बन गया है। उन्हें वितस्ता में हाऊस बोट की सैर बहुत ही पसन्द आई।

श्रीनगर और आस-पास के विविध दर्शनीय स्थलों को देखने के उपरान्त स्वामी जी ने स्वामी अमरनाथ जी की पवित्र गुफा की यात्रा करने का निश्चय किया। यह पवित्र कंदरा श्रीनगर से लगभग ९० मील दूर बारह हजार फुट की ऊंचाई पर एक हिमवान घाटी में स्थित है। २६ जुलाई को वे इस स्मरणीय यात्रा पर चल पड़े। साथ में बहिन निवेदिता थीं। २ अगस्त को वे पवित्र गुफा पर पहुंचे। जिस स्वयंभू हिम शिवलिंग पर गुफा की शिलामयी पर्वतीय छत स्वतः जलभिषेक करती रहती है, उस शिव-विभूति के समक्ष उपवेष्टित होकर स्वामी जी पराकाष्ठा की आध्यात्मिक मस्ती एवं तन्मयता से विभोर हो उठे। कहते हैं बाद में उन्होंने अपने शिष्यों से कहा कि भगवान अमरनाथ ने मुझे अपनी इच्छा से मर्त्य शरीर त्यागने का वरदान दे दिया है। स्वामी जी इस दिव्यानुभूति से इतने अभिभूत हो गये कि बाद में कई दिनों तक वे भगवान शिव की ही चर्चा करते रहे।

अमरनाथ जी से लौटकर स्वामी जी ने आनन्दातिरेक के भाव में अपनी प्रसिद्ध कविता 'काली, मां' लिखी। उन्होंने बहन निवेदिता से कहा, "स्वयं मां ही ब्रह्म है। उनका अभिशाप तक वरदान है। मन को एक समान बनना चाहिए जिसमें अहंकार, स्वार्थ, लोभ सब जलकर

भस्म हों। तभी और केवल तभी मां का साक्षात्कार होगा।"

इस अध्यात्मानुभव के अनन्तर स्वामी जी ने खीर भवानी की तीर्थ यात्रा करने का निश्चय किया। यह तीर्थ श्रीनगर के उत्तर में १५ मील की दूरी पर है। इस तीर्थ पर एक जलस्रोत है जिसका जल समय-समय पर अपना रंग बदलता रहता है। यहां स्वामी जी को एक और रहस्यानुभव हुआ। उन्होंने परम्परागत रूप में देवी मां की प्रार्थना-आराधना की और भवानी माँ का शुभ वरदान पाने के हेतु उन्होंने, कड़ी तपस्या एवं व्रत-साधना की। कहा जाता है कि उनमें एक अद्‌भुत अध्यात्म ज्योति का अवतरण हुआ जिसके प्रभाव ने उनके अन्तर्मन से नेता, कार्यकर्त्ता या शिक्षक के सभी विचारों का अहं पोंछ डाला अब वे सर्वथा एक कायाकल्पित व्यक्तित्व थे, एक ऐसे साधु जो वास्तव में परिपूर्ण सन्यासी थे। जब वे ६ अक्तूबर के दिन अपने हाउस बोट में वापस आये तो वे बोल पड़े—"अब सब और सर्वत्र मां है। मेरी सब देश भक्ति गई। अब सब कुछ मां है, मां।"

इस प्रकार हमें मालूम होता है कि इस महान संन्यासी को कश्मीर की भूमि में, जो शिव और शक्ति की भूमि है, अपनी अध्यात्म साधना की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त हुई।

—जय कश्मीर ! जय भारत।

(रूपान्तर—हलीम)

---o---

बापू ने कहा था.....

मानव सेवा के काम में राजनैतिक मतभेदों और संघर्षों के बावजूद सबको एक होना चाहिए।

गलती के स्वीकार से हमको बहुत लाभ होता है उसमें शुद्ध व्यवहार है।

हम पहली तालीम अपने लड़के लड़कियों को यह दें कि वे कमजोर नहीं हैं।

अगर मैं सच्चा हूं तो मेरे साथी जरूरी सच्चे होंगे।

हुकूमत का क्षेत्र, सरकार का क्षेत्र, छोटा रहता है, लेकिन सेवा का क्षेत्र तो बहुत बड़ा रहता है।

बेहद विरोधी परिस्थितियों में ही आदमी की जाँच होती है।

जो अन्तर को देखता है, बाह्य को नहीं, वही सच्चा कलाकार है।

मनुष्य तो रँक प्राणी है। वह राजा तभी होता है, जब वह अहंकार छोड़कर ईश्वर में समा जाता है।

सेवा का भी मोह हो सकता है। मोह मात्र छोड़ने से ही सच्ची सेवा हो सकती है।

योग्य काम अपना आशीर्वाद अपने साथ ही लेकर चलता है।

आलस और पराधीनता देश के लिये बुरी चीज़ें है।

आदमी सिर्फ रोटी से ही नहीं जी सकता। मानव अधिकारी के सामने पैसा कोई चीज नहीं है।

गर्मी से तपता हुआ आदमी छाया में रहने वाले पंडित की बात कैसे मान सकता है कि सूरज की गर्मी गर्मी नहीं है।

एक पापी सारी नाव को डुबो देता है।

"The wise do not sanction a fourth delivery even in a season of distress", said Kunti.

(Mahabharata, Sambhava Parva)

When Pandu desired to have more children after the birth of Arjuna, the third Pandava, Kunti reminded the King that a fourth delivery was not sanctioned by the wise. Times have changed, as also the social customs and values; but the words of the celebrated queen have not lost their significance. In fact they have acquired a new meaning today, in a different context. Today "the wise do not sanction a fourth delivery" because they do not want more children than they can provide for. With fewer children, each child gets better care, enough food and more opportunities for a happy life. Having many pregnancies is also harmful to the mother's health.

You can stop having more children, and you can also delay having them until the time you want them. Please visit the nearest Family Planning Centre. Services are available free of charge.



a small family is a happy family

नातश्चतुर्थं प्रसवमापत्स्वपि वदन्त्युत

davp 68/42

गांधी जी की दिव्य वाणी

यह पृथ्वी ईश्वर की है। इस पर रहने वाले समस्त मानव एक हैं। कोई बड़ा नहीं, कोई छोटा नहीं। एक को दूसरे से श्रेष्ठ समझना भारी पाप है !

* * *

ईश्वर न काबा में है, न काशी में, वह तो घर घर में व्याप्त है; हर दिल में मौजूद है। मेरा ईश्वर तो मेरा सत्य और प्रेम है। ईश्वर जीवन और प्रकाश का मूल है। वह हृदय को देखने वाला है। ईश्वर अन्तरात्मा ही है। जैसा हम अपने पड़ोसी—मनुष्य और पशु-दोनों के साथ बर्त्ताव करते हैं, वैसा ही बर्त्ताव वह हमारे साथ भी कर सकता है।

* * *

मेरे प्रभु के हज़ारों रूप हैं। कभी मैं उसका दर्शन चरखे मैं करता हूं तो कभी साम्प्रदायिक एकता में और अस्पृश्यता- निवारण में, और कभी रोगियों और दुखियों की सेवा में।

* * *

मेरा विश्व मेरे आस-पास का वातावरण है। अगर मैं अपने आस-पास के लोगों की सेवा करता हूं तो विश्व अपनी संभाल स्वयं कर लेगा।

* * *

जीयो और जीने दो अर्थात् पारस्परिक क्षमा और सहिष्णुता जीवन का नियम है। यही शिक्षा मैं ने गीता में बाइबल और कुरान में पाई है।

* * *

अहिंसा परम् श्रेष्ठ मानव धर्म है। पशु बल से वह अनन्त गुना महान और उच्च है।

* * *

जो अहिंसा धर्म का पूरा पूरा पालन करता है, उसके चरणों पर सारा संसार आ गिरता है। आस-पास के जीवों पर उसका ऐसा प्रभाव पड़ता है कि सांप और दूसरे जानवर भी उसे कोई हानि नहीं पहुंचाते।

* * *

हमने जैसा बोया वैसा ही काटा, अछूत भाईयों का तिरस्कार करके सब संसार के तिरस्कार के पात्र हुये हैं।

* * *

जो बदला या यश की आशा न रख कर निःस्वार्थ भाव से सेवा करता है, वही देश और समाज की शुद्ध सेवा करता है।

* * *

जो सत्य लगता है, वही कहना हमारा धर्म है। यदि हमने कोई भूल की है और उस भूल का हमें पता लग जाता है तो सब के सामने अपनी भूल को स्वीकार करना ही हमारा धर्म होना चाहिये।

* * *

मैं तो एक विनम्र सत्य-शोधक हूं। इसी जन्म में आत्म-साक्षात्कार कर लेने के लिये मैं अधीर हूं। मुझे नाशवान् सांसारिक राज्य की कोई अभिलाषा नहीं है। मैं तो ईश्वरीय राज्य पाने का प्रयत्न कर रहा हूं। वह है मोक्ष। मेरे लिये तो मुक्ति का मार्ग है, अपने देश की और उसके द्वारा मनुष्य जाति की सेवा करने के लिये बराबर परिश्रम करना। और ऐसी सेवायें करते हुये मैं मृत्यु की गोद में जाना पसंद करूंगा। मैं संसार के प्राणीमात्र से अपना तादात्म्य कर लेना चाहता हूं।

* *

स्त्री पुरुष की गुलाम नहीं है। वह अर्द्धांगिणी है, सहधर्मिणी है, उसको अपना मित्र समझना चाहिये।

* s *

जिस तरह बिना भूख के खाया हुआ भोजन नहीं पचता उसी तरह बिना दुःख के सुख भी नहीं पच सकता।

* * *

बच्चे, बीमार और बूढ़ों को छोड़ कर बाकी सब लोगों को बराबर मेहनत करनी चाहिये। जो आदमी बिना मेहनत किये खाता है वह चोरी करता है। जरूरत से ज्यादा धन एकत्र करना महामारी के बराबर है। हद से ज्यादा शरीर से काम लेना भी जीवन का नाश करना है।

संकलन-कर्ता : **नन्दलाल चत्ता**

अशि-धार

कुलदीप कश्मीरी

['अशि-धार'—श्री शंकर नाथ कौल की पहली कश्मीरी कहानी थी, जो 'पम्पोश' (कश्मीरी बज़्मे अदब, दिल्ली की द्वैमासिक पत्रिका) में आज से ११ साल पहले प्रकाशित हुई थी। मेरे विचार में यह एक ऐसी कहानी है जिसका मूल्य आज भी उतना ही है जो आज से ११ वर्ष पहले था।

साथ ही इस कहानी में स्त्रियों पर जो जुल्म ससुराल वालों की ओर से होते हैं उसकी स्पष्ट रूपरेखा है। यह मिथ्या नहीं, मात्र कहानी नहीं बल्कि एक वास्तविकता है, एक सच्च है जिसको नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। यह कश्मीरी जाति का नहीं, अपितु हर जाति व समाज का रोग है जिसका हमें उन्मूलन करना है। इसका भार हमारी पीड़ी पर है।

'अशि-धार' का अनुवाद मैंने १९६३ में आरम्भ किया था और यह १९६६ में पूरा हुआ था। तीन वर्ष मात्र इसमे लगे कि अनुवाद मूल के अनुरूप हो व दोनों में कोई अन्तर न हो—सफलता कहाँ तक मिली है—वह पाठक ही बता सकेंगे।—लेखक]

*　　*　　*

संध्या का समय था। चारों ओर अंधेरा छा रहा था। पक्षी दिन भर के स्वतन्त्र विचरण के पश्चात् अपने-अपने घौंसलों में बैठे हुए तरह-तरह की बोलियां बोल रहे थे। कुछ लोग घाटों पर नहा रहे थे और कुछ मंदिरों में पूजा कर रहे थे। संध्या का सम्पूर्ण वातावरण घन्टी की मधुर ध्वनि एवं शंख-नादों से गूंज रहा था। क्या स्त्री क्या पुरुष, सभी दीयों से मूर्तियों की आरती उतार रहे थे। कुछ लोग प्रदक्षिणा भी कर रहे थे।

नाविक लोग डूंगों तथा नावों पर दिन भर कमाई करके अब घर के जंजालों में फंस गये थे। वितस्ता नदी भी अंधकार के घने जाल से घिरती जा रही थी। घाटों पर की वायु शांन्त थी। ऐसे सुन्दर समय में मनुष्य सोच रहा था, काश ! जीवन के इन जंजालों से कभी तो अवकाश मिलता, जिससे आठों पहर इस वितस्ता नदी के इन शान्त किनारों पर बीतते-जहाँ कोई सांसारिक दुःख-दर्द नहीं, जहाँ एकान्त में बैठने से जलते हुये दिलों को ठंडक का अनुभव होता है—जहाँ पर मनुष्य इस मोह-माया पूर्ण क्षणिक संसार से कोसों दूर रहकर अपने आपको समझने में सफल होता है।

घरों में संध्यादीप टिमटिमाने लगे थे। कुछ अद्भुत-सा लग रहा था। इस समय यदि कोई अनजान व्यक्ति इधर से गुज़रता तो आश्चर्य करने लगता कि बिजली होते हुये भी यह लोग प्रकाश को ही रोशनी दिखा रहे हैं। परन्तु उस बेचारे को क्या मालूम कि संध्या-दीप जलाना तो इन लोगों की प्राचीन परम्परा है जो अब तक बिना किसी विघ्न के चलती आ रही है।

तीसरी मंजिल की खिड़की के पास खड़ी कान्ता दीये की बत्ती ठीक कर रही थी। इधर दीये में एक-एक बून्द तेल ड़ालती जा रही थी और उधर आँखों से एक-एक बून्द आँसू गिर रहा था। जैसे आँसू नहीं, मोती गिर रहे हों। इसी विचार में खोई थी कि क्या ऐसा भी कोई दिन होगा जब वह अपने पति की भक्त बनकर सुबह शाम अपने नेत्र-रूपी दीयों से उनकी आरती उतार सकेगी...? उसकी एक-एक आह हृदय को टुकड़े-टुकड़े कर देने वाली थी। सावन की हिय[1] का रंग कुछ फीका हो गया था। उसके मोती रूपी आँसू की बूंदें, उसके निर्दोष व भोले मुख पर उसी भांति चमक रही थीं, जिस भांति प्रातःकाल की ओस घास पर मोती बिखेरती है।

ज्यों ही उसने अपनी माँ की आवाज सुनी, उसे लगा जैसे उसे हजारों लोगों ने मिलकर एकदम विचारों के समुद्र से बाहर धकेल दिया हो.., "कान्ता ज़रा दरवाज़ा खोल दो। पिताजी होंगे। पता नहीं उन्हें आज इतनी

[1]—चमेली

देर क्यों हो गई···?'' पोशिमाल के स्वर से रूखापन ग्रौर झुझंलाहट साफ झलक रही थी।

''ग्रापने इतनी देर कहाँ लगादी ग्राज···?'' पोशिमाल श्यामलाल को देखकर कुछ उत्तावलीसी हो गई।

''तुम एकदम पीछे पड़ जाती हो। ज़रा सुस्ता लेने दो, सब कुछ बता दूंगा। दफ्तर में तो ग्रफसरों की डाँट-डपट ग्रौर घर में पत्नी की···। मर्द की इज्ज़त ग्रगर मिट्टी में भी मिल जाये तो तुम ग्रौरतों को क्या···? चार महीने हो गये दर.दर भटकते हुये— किस लिये ?— लड़की के लिये वर ढूंढ़ना है। पैर छलनी हो गये हैं। ···हे भगवान्! लड़की किसी के भी पैदा न हो···पर पैदा प्रत्येक के होती है,'' कहकर श्यामलाल चिलम में ग्राँच भरने लगा।

दरवाजे से ही जब कान्ता ने पिताजी को देखा तो वह रसोईघर में चाय बनाने गई। माँ-बाप के इस संवाद को सुनकर एकदम ठिठक सी गई। समावार को फूंकते-फूंकते एक बार फिर विचारों के समुद्र में गोते खाने लगी। हृदय की धड़कन तेज़ हो गई। दुखी होकर सोचने लगी, 'काश। यहाँ कहीं गड्ढा हो जाता, तो में उसी में समा जाती। क्या सचमुच एक लड़की ग्रपने माँ बाप, सगे-सम्बन्धियों ग्रौर पड़ोसियों के लिये इतनी बड़ी बला है···?'

एक हाथ में चाय का खोसा[२] ग्रौर दूसरे में हुक्के की डंड़ी लेकर श्यामलाल ग्रपनी पत्नी, पोशिमाल, से बोला ''सुनो! शाम को दफ्तर से निकलते ही शिवराम मिला —वही जो शादी के रिशते पक्के करता है। मैंने पूछा, 'क्या मेरी बात याद है?' वह बोला, ''वरों की क्या कमी है, साहब! परन्तु जरा धैर्य से काम लो···सब हो जायेगा समय ग्रा जाने पर।' ग्रपनी गरीबी का स्मरण दिलाते हुये मैंने उससे फिर कहा, 'भाई, हम तो रहे गरीब ग्रादमी। हमारे लिये तो हम जैसा ही वर ढूंढ़ना···,''' श्यामलाल ने चाय का एक घूंट पीकर ग्रपनी बात जारी रखी, ''ग्राज तो वह जैसे ग्रासमान से बातें कर रहा था। मैंने भी उससे ज्यादा कुछ न कहा। फिर वह खुद ही कहने लगा, 'रविवार को मैं ग्रापके दौलतखाने पर ग्राऊँगा। ज़रा इत्मीनान से बातचीत करेंगे ग्रौर हाँ, उस दिन सुबह का खाना भी मैं वहीं खाऊँगा···।''

रविवार भी ग्राया। श्यामलाल प्रातः से ही शिवराम की प्रतीक्षा में बैठ गया। ''नमस्कार श्यामलाल जी,'' शिवराम ग्राँगन से ही चिल्लाया। थोड़ी देर में ही वह ऊपर की मंज़िल (कानी) पर पहुंच गया। चप्पल उतारते-उतारते उसने जेब में हाथ डाला ग्रौर कागजों का एक बड़ा सा पुलन्दा निकाला। बैठते ही एकदम श्यामलाल से बोला, ''श्यामलाल, न तुम्हारे हाथ किसी काम ग्राते हैं ग्रौर न पैर···। ज़रा धैर्य से काम लो, भई। लड़की के लिये उचित वर ढूंढ़ना कोई ग्रासान काम नहीं है···।'' जन्मपत्री दिखाते हुये वह फिर बोला, एक युवक मेरी निगाह में है। बी०ए० पास है। दो छोटे भाई हैं—माँ-बाप भी जीवित हैं। सगे-सन्बन्धी भी ग्रच्छे हैं। भगवान् की कृपा से सब कुछ है···धन की भी कमी नहीं है। मैंने इस बारे में उनसे बात करली है··· बोलो तुम्हारी क्या राय है··?''

पोशिमाल, शिवराम की इन मीठी-मीठी बातों से फूली नहीं समा रही थी। उसे इस समय शिवराम जैसा हमदर्द ग्रपना सगा भाई भी नहीं लग रहा था। बोली, ''ग्रच्छा यह तो बताग्रो कि सास-सुसर का स्वभाव कैसा है··? लड़की ससुराल में जाकर सुख-चैन से रहनी चाहिये। लड़ाई झगड़ा ग्रौर तू-तू मैं-मैं नहीं होनी चाहिये। बाकी तो सब उसका ग्रपना भाग्य है···।''

''ग्रजी मैं क्या कहूं···मालिक तो बस देवता हैं देवता··इधर-उधर की बातें तो दूर वह बोलते-चालते भी कम ही हैं। लड़की रहेगी तो बड़े सुख चैन से। ग्रौर तो ग्रौर, लड़का स्वयं भी बड़ा ही शरीफ है बहुत ही शरीफ है। ग्राजकल की इस गन्दी हवा से कोसों दूर है···माँ-बाप का ग्राज्ञाकारी है··परन्तु···,'' शिवराम एक क्षण के लिये रुका ग्रौर फिर बोला, ''···वह लोग लड़के की ट्रेनिंग के लिये पाँच हज़ार रुपये··· मांगते हैं···।''

एक विचित्र-सा जाल, श्यामलाल के लिये बिछाकर, शिवराम घर को चल दिया। श्यामलाल ग्रौर पोशिमाल हक्के-बक्के होकर एक दूसरे को देखने लग गये। कान्ता

२—कांसी की प्याली

कभी बाप की ओर तो कभी माँ की ओर देखती। उसकी आँखों के सामने अंधेरा छा गया कौर मस्तिष्क में पाँच हज़ार रुपये चक्कर काटने लगे·· बाप-रे-बाप···पाँच हज़ार रुपये। उसके सब अरमान हवाई महल की भांति ढह गये। माँ-बाप की गरीब ज़िन्दगी में उसका सत्रह वर्ष का साथ था। गरीबी ने उसके कोमल हृदय को भेद ड़ाला था। उसकी अभिलाशा थी कि वह भी किसी की प्यार-भरी गोद में बैढ़ेगी, जहाँ उसके सुलगते दिल को कुछ शान्ति और सहारा मिले। चाहे वह मुलायम होती या कठोर, इसका उसे कोई दुःख न था·· बशर्तें कि उस गोद में और उस सहारे में उसे प्यार की गर्मी की अनुभूति होती।

श्याम लाल एक गरीब क्लर्क था। सौ रुपये उसकी मासिक आय थी पाँच हज़ार रुपयों के अतिरिक्त उसे आभूषणों एवं दहेज के लिये तो धन की आवश्यकता थी। सबसे महत्वपूर्ण तो बरातियों के भोजन की व्यवस्था थी जो कि सर्वोत्तम होनी चाहिये थी। क्यों कि इसी पर सारा यश-अपयश निर्भर है। उसके पश्चात् वर्ष भर के तीज-त्यौहार, सगे सम्बन्धियों के जन्म दिवस···और न जाने क्या-क्या। पोशिमाल ने अपने सभी आभूषणों को बेच दिया, श्यामलाल ने अपने आपको कर्ज से लाद दिया। जब वह अपने छोटे दो लड़कों के बारे में सोचता, तो उसके हृदय से एक ठंड़ी आह निकलकर ही रह जाती। बार-बार वह यही सोचता था, 'क्या यह मासूम और निर्दोष बालक भी कर्ज से कुचले जायेंगे···? अब मेरी हालत ही कहाँ सुधर सकती है जो इनको सुधार पाऊँगा। यह तो अब भिखारी जैसे ही रहेंगे। फिर अपने आप को तसल्ली देने लगता, 'अच्छा भगवान, जैसी तेरी इच्छा !''

जैसे तैसे कान्ता की शादी हो गई। वह बहुत ही प्रसन्न थी कि उसकी भी आशायें साकार हो गई। वह ईश्वर को बार-बार धन्यवाद दे रही थी।

जीवन की यात्रा में फूल भी हैं एवं कांटे भी। परन्तु कोई नहीं बता सकता कि काँटों की संख्या क्यों अधिक होती है! हमारी अभिलाषायें क्यों एक स्वप्न मात्र बनकर रहजाती हैं।

कुछ दिन तक तो कान्ता दुलिहन बनकर ससुराल में सुख से रही। उसकी सास बड़ी चतुर निकली। पहले पहल तो खूब मक्खन लगाया, "तुम तो मेरी लड़की के समान हो, यह तो तुम्हारा अपना ही घर है···तुम तो भोजन भी ठीक से नहीं करती···बेटी, हम तो मनुष्य के सच्चे प्रेम के भूखे हैं, धन के नहीं···।''

दो मास ठीक से व्यतीत हो गये। कोई उल्लेखनीय घटना न घटी। इस काल गति के साथ ही कान्ता के प्रति उसके ससुराल वालों का व्यवहार भी बदलता दिखाई देने लगा। छोटी-छोटी बातों पर भी सास कहती, "तुम्हें मैके वालों ने चाँदी का थाल क्यों नहीं दिया·· ? दूल्हे के जन्मदिन पर उन्होंने नकद ही क्यों भेजा है···? हम क्या धन के भूखे थे···? मनहूस तुम्हारा नाश हो जाये · यह दूल्हे के सूट के लिये कैसा घटिया कपड़ा भेजा है··· जैसे कोरी खद्दर है। जाओ यह अपने माँ-बाप के सिर पर बांध देना···बूट तो दो महीने भी न चला। हर समय लड़के की डाँट-डपट मुझे खानी पड़ती है, 'यह किस बला में मुझे धकेल दिया है ·· मैं तो कालेज का विद्यार्थी था···कोई ऐसा-वैसा तो था नहीं-जो शादी नहीं हो रही थी···यह पाँच हज़ार रुपये तुम्हीं ले जाओ—मुझे नहीं चाहिये। तुम बेकार में श्यामलाल का पक्ष लेती हो · ।''

त्यौहार पर त्यौहार बीतते गये। नव वर्ष (नवरेह), सास तथा रिश्तेदारों के जन्मदिन इत्यादि आये और गये। लोगों के लिये तो यह दिन हर्षोल्लास से भरे होते हैं परन्तु कान्ता के लिये दुख और आँसू से भरे। ससुराल के आँगन में कदम रखते ही उसके प्राण निकलने लगते थे कि पता नहीं अब किस चीज़ का बहाना लेकर सुनने को मिलेगा। जैसी सास वैसा ही ससुर और वैसे ही पतिदेव। एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं सब। हे भगवान् ···! और मन-ही-मन वह ईश्वर की वन्दना करती।

मनुष्य इस्पात का नहीं बना है। यदि छोटा सा काँटा भी चुभ जाता है तो पीड़ा के कारण चिल्लाने और रोने लगता है···और फिर दिल तो दिल ही रहा—बिलकुल शीशे जैसा नाज़ुक—थोड़ी सी चोट खाने पर इसके टुकड़े हो जाते हैं। जब कान्ता ने सास के सामने मायके से आया हुआ एक त्योहार का खर्च रखा तो उसे देखते ही सास की त्यौरियाँ चढ़ गई और मुंह चिढ़ाकर बोली, "मैं इन दो सौ रुपयों का क्या करूँगी। जाओ

यह अपने बाप को ही दे देना—उसके पास तो फूटी कौड़ी भी नहीं है···।''

उसी दिन शाम को कान्ता को उसके पति ने कमरे में पकड़ा—ठीक एक हलाल होने वाले मुर्गे की तरह··· और जी भर कर मार लगाई, बुरा भला कहा और अन्त में कह दिया, ''मुझे तुम्हारी कोई आवश्यकता नहीं है ·· अपने माँ-बाप के पास ही चली जाना तुम···।''

कान्ता यह दुख सह न सकी। कुछ दिन पश्चात् वह अपने मायके लौट गई। मकान की सीढ़ियाँ चढ़ते ही उसकी आँखों से अविरल अश्रु-धारा वह निकली···ऐसी अश्रुधारा जिसका कहीं अन्त ही नहीं दिखाई देता था। उसी दिन से उसे बुखार चढ़ गया। ससुराल की इन निन्दनीय घटनाओं ने उसके शरीर को भीतर ही भीतर खोखला कर ड़ाला था। दिल टुकड़े-टुकड़े हो गया था। उसकी अभिलाषा अपूर्ण ही रही हाय···पतिदेव एक बार मिल लेते। मगर 'वह' क्योंकर इसकी चिन्ता करते···?

बगिया का सुन्दर फूल अधखिला ही मुरझाने लगा। एक दिन प्रातः ही कान्ता अपने माँ-बाप के आगे हाथ जोड़कर बोली, ''मेरे कारण आपको कितने कष्ट एवं दुख सहने पड़े। मुझे आप लोग क्षमा करना। आपके पास अब जो कुछ भी था सब मेरी चिकित्सा पर खत्म हो गया। मगर अफसोस··प्रत्येक चिकित्सा असफल रही—बिलकुल बेकार रही···'उनका एक दर्शन मात्र ही मेरी एकमात्र चिकित्सा थी मुझे सास सुसर से क्या लेना था? यदि 'वह' एक बार मेरे हो गये होते तो मेरा सारा दुख-दर्द दूर हो गया होता। ''हे ईश्वर...'', ''थोड़ा रुककर वह फिर बोली, ''···आह—पोशी, जरा मुझे थोड़ा सा ठन्डा पानी दे दो··ताकि मेरे दिल को कुछ राहत सी मिल जाये······,'' पानी पीते-पीते ही उसे हिचकी आ गई और···और···उसने सदा के लिये आँखें बंद करलीं···।

मरते समय भी उसकी आँखों से अविरल अश्रु-धारा बह निकली···ऐसी अश्रुधारा जिसका कहीं अन्त ही नहीं दिखाई देता था।

★★★

(आभार—इस कहानी के अनुवाद में मुझे मेरे बड़े भाई श्री इंद्रकृष्ण व परिवार के अन्य सदस्यों ने जिस प्रकार सहायता दी है उसके लिये मैं उनका आभार प्रकट करता हूं—कुलदीप)

बूझो तो जाने

१) एक अकेला सबके साथ

२) एक थाली मोतियों से भरी,
सबके सिर पर औंधी धरी

३) हरी डिबिया सफेद खाने,
इसमें बैठे जशी दिवाने

४) जरा सी बिटिया, गज भर चुटिया

५) सफेद मुर्गे, हरे पर,
जो न बूझे, सो जाये घर

६) चार पावों का पहरेदार,
हर दम रहे होशियार,

उत्तर :—
१) परमात्मा २) आकाश ३) शरीफा
४) सूई ५) मूली ६) कुत्ता

बापू

मोहन किशन कौल (डेम्बी)

आज तुम्हारी मना रही है जन्मशताब्दि दुनिया सारी,
बापू हर इक भारतवासी तेरा सदा-सदा आभारी ।
सत्य अहिंसा का पथ बापू तुम ने दुनिया को दिखलाया,
शत्रु को भी बना सकते हैं मित्र कैसे यह सिखलाया ।
खुद कांटों का पथ अपना के, औरों की राह सुगम बना दी,
चिर पीड़ित हम दुःखी जनों की आजादी से झोली भर दी ।
अस्त्र न शस्त्र चलाये तुमने रक्त न बहने दिया धरती पर,
काम कहीं जो हो न सका था, काम वही किया धरती पर ।
कितने ही दुःख झेले तुमने, देश की खातिर सब कुछ छोड़ा,
सुख ऐश्वर्य का जीवन त्यागा, हर ममता का बन्धन तोड़ा ।
दूर भगाये तुमने विदेशी, कदम न उनके टिकने पाये,
लोहा लिया गोरों से तुम ने, लौह पुरुष तुम ही कहलाये ।
छूत-छात की बीमारी को, बापू तुमने दूर भगाया,
अन्धों को तुम ने आंखें दीं, पिछड़े हुओं को गले लगाया ।
पीते थे नित्य दूध ही केवल, खाते थे तुम दाल न रोटी,
तन ढकने को थी बस धोती, और खद्दर की एक लंगोटी ।
सब धर्मों के ज्ञाता थे तुम, हम ने पाया तुम से ज्ञान,
तुम ने जो कुछ भी सिखलाया, वह हम सब को मिला वरदान ।
बिना राज्य के राजा थे तुम, भारत के सुखदाता थे,
राष्ट्रपिता कहलाये तुम ही, राष्ट्र के तुम निर्माता थे ।
तुम हो बीच न आज हमारे, सब सूना-सूना लगता है,
आंखें तुम को ढूंढ रही हैं, हर दिल तुम से यह कहता है ।
बापू तेरे ही मुंह से फिर, सुनने को व्याकुल हैं कान—
"ईश्वर, अल्लाह, तेरे नाम; सब को सम्मति दे भगवान्" ।

न सुधरोगे तो मिट जाओगे

रमेश 'राही'

वह घाव अभी हरे ही होंगे,
उन पर की पट्टियां, उतरी न होगी
वह ज़ख्म भी भरे न होंगे;
लेकिन !
वह वायदे भूल गये होंगे,
वह कसमें, भूल गयी होंगी,
वह घटनाएँ भी, भूल गई होंगी;
क्या कहा ! कौन सी ?
जो उस धर्म युद्ध में हुईं,
जो उस सुपथ पर हुईं,
जो उस परिवर्त्तन के लिए हुई,
भला कौन से ?
जो हो न सका,
जो ज्योति जल न सकी,
जो तूफान आ न सका,
आखिर क्यों ?
क्या पैसा ही, बस पैसा है ?
क्या पैसा ही जीवन-लक्ष्य है ?
क्या पैसा ही अब जीवन है ?
कब तक यों ही चलता रहेगा ?
अब सुनो, समय की पुकार,
क्या कहता है "राही" यार;
धन-दौलत, ये रिश्तेदार
अन्त में, साथ न जाएँगे,
केवल, किये कर्म ही काम तुम्हारे आएँगे;
फिर क्यों न "परिवर्त्तन" पुकारोगे
नई ज्योति जगाओगे,
नामो-निशाँ तुम नहीं पाओगे,
अगर न सुधरोगे, तो मिट जाओगे,

गाँधीजी की दृष्टि में समाज में नारी का स्थान

नन्द लाल चत्ता

[नारी के प्रसंग में स्वर्गीय जयशंकर प्रसाद के महाकाव्य 'कामायनी' का यह एक छंद याद आया :—

नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नग पग तल में।
पीयूष स्रोत-सी बहा करो,
जीवन के सुन्दर समतल में ।।

(प्रसाद)

सम्पादक महोदय का अनुरोध था कि नारी के विषय में गांधी जी के कुछ विचार आपके सामने प्रस्तुत करूँ, तो लीजिए उन्हीं के शब्दों को पढ़िये ।]

भारत में आने के बाद गांधी जी ने एक साप्ताहिक पत्र शुरू किया था, जो अंगरेजी में 'यंग इंडिया', हिन्दा और गुजराती में 'नवजीवन' के नाम से प्रकाशित होता था । गांधी जी ने हिन्दी 'नवजीवन' के २३-९-२१ के अंक में यों लिखा था :—

(१) नारी अबला नहीं :

"इस मनुष्य जाति ने यों तो संसार के अनेक पापों और बुराइयों के लिये अपने को जवाबदेह बनाया है। परन्तु उन सब में कोई भी पाप इतना नीचे गिराने वाला और हैवानियत से भरा हुआ नहीं है, जितना कि उसके द्वारा किया हुआ स्त्री जाति का दुरुपयोग है । स्त्री को मैं देवी समझता हूं, अबला नहीं; स्त्री आज भी बलिदान, कष्ट-सहन, नम्रता, श्रद्धा और ज्ञान की प्रतिमा है, और इसी लिए स्त्री—पुरुष दोनों में एकमात्र स्त्री ही अधिक उच्च और श्रेष्ठ है।"

फिर यंग इंडिया के १०-४-३० के अंक में उन्होंने लिखा था :—स्त्री को अबला कहना उसकी मान-हानि करना है। यह पुरुष का स्त्री के प्रति घोर अन्याय है। यदि बल का अर्थ पशु बल है, तो बेशक स्त्री पुरुष से कमजोर है, क्योंकि उसमें पशुता कम है। लेकिन अगर बल का अर्थ नैतिक बल है, तो स्त्री पुरुष से अनन्त गुनी ऊंची है। क्या उसकी सहज बोध शक्ति पुरुष से अधिक नहीं है ? क्या उसकी सहिष्णुता और उसका साहस पुरुष को पीछे नहीं छोड़ देते ? उसके बिना पुरुष की हस्ती ही सम्भव नहीं हो सकती थी । अगर अहिंसा हमारे जीवन का धर्म है, तो भविष्य स्त्री के हाथ में है। ...ऐसा कौन है जो स्त्री से अधिक प्रभावशाली रूप में मनुष्य के हृदय से अपील कर सकता है।"

प्रसिद्ध नमक सत्याग्रह (१९३०) के कारण उन्हें ये पत्र मजबूर होकर बन्द करने पड़े थे। तो उसके बाद १९३४ ई० में जब वे हरिजन उद्धार में जुट गये थे, तो उन्होंने 'हरिजन' नाम से अंग्रेज़ी में 'हरिजन सेवक' हिन्दी में, और 'हरिजन बन्धु' गुजराती में प्रकाशित करने शुरू किये थे। 'हरिजन' के १२-१०-३४ के अंक में उन्होंने लिखा था :—

(२) स्त्री का कार्य क्षेत्र

'मैं इस बात की कल्पना नहीं करता कि पत्नी नियम के तौर पर अपने पति से स्वतन्त्र रूप में कोई धन्धा करेगी। बालकों का पालन-पोषण तथा घरबार की व्यवस्था ऐसे काम हैं जिनमें लगभग उसकी सारी शक्ति लग सकती है। एक सुव्यवस्थित समाज में परिवार के भरण—पोषण का अतिरिक्त बोझ पत्नी के सिर पर नहीं पड़ना चाहिये। परिवार के भरण-पोषण की व्यवस्था पुरुष को ही करनी चाहिये; स्त्री को अपनी गृहस्थी की व्यवस्था करनी चाहिये। इस प्रकार पति और पत्नी को एक-दूसरे के श्रम का पूरक बनना चाहिये"।

(३) स्त्री शिक्षा

६-३-३७ के 'हरिजन सेवक' में उन्होंने लिखा था :—"स्त्रियों को उपयुक्त शिक्षा मिलनी चाहिये, यह मैं मानता हूं। लेकिन इसके साथ ही मैं यह भी मानता हूं कि पुरुष की नकल करके या उसके साथ स्पर्धा करके स्त्री दुनिया को अपनी कोई खास देन नहीं दे सकेगी। वह पुरुष के साथ दौड़ तो सकेगी, लेकिन पुरुष की नकल करने से वह उस ऊंचाई तक नहीं पहुंच पायेगी जहां पहुंचने की उसमें शक्ति है। स्त्री को तो पुरुष का सहायक या पूरक बनना चाहिये, जो काम पुरुष न कर सके वह उसे करना चाहिये"।

"स्त्री और पुरुष का दरजा समान है, पर वे एक नहीं हैं। वे ऐसी अनुपम जोड़ी हैं जिसमें प्रत्येक दूसरे का पूरक है। वे एक दूसरे के लिये आश्रय रूप हैं—यहां तक कि एक के बिना दूसरे की हस्ती की कल्पना ही नहीं की जा सकती। इन तथ्यों से यह जरूरी निष्कर्ष निकलता है कि जिस बात से दोनों में से एक का भी दरजा घटेगा, उस से दोनों की एक सी बरबादी होगी। स्त्री-शिक्षा की योजना बनाते समय इस दुनियावी सचाई को सदा ध्यान में रखना चाहिये कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं। दम्पति के बाहरी कार्यों में पुरुष का दरजा ऊंचा है। इसलिये यह ठीक ही है कि उसे उन कार्यों की ज़्यादा जानकारी होनी चाहिये। दूसरी तरफ घरेलू जीवन पूरी तरह स्त्री का क्षेत्र है, इसलिये घर के मामलों में, बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षण के बारे में स्त्री को ज़्यादा ज्ञान होना चाहिये," ऐसा गांधी जी 'स्त्रियां और उनकी समस्यायें' नामक पुस्तक में लिखते हैं।

(४) अंगरेजी की शिक्षा :

लड़कियों को अंगरेजी की शिक्षा देने के विषय में बापू ने 'यंग इंडिया' के १-६-२१ के अंक में क्या लिखा था। इस विषय पर आज भी मनन करने की जरूरत है, खासकर उन कश्मीरियों को, जो अपने बच्चों के कश्मीरी भाषा बोलने में अपनी मानहानि समझते हैं। वे लिखते हैं :—'लड़कियों को तो इसलिए अंगरेजी पढ़ाई जाती है कि इससे उन्हें अच्छा वर मिल जाएगा। मैं ऐसी कई मिसालें जानता हूं, जिनमें स्त्रियाँ इसलिये अंगरेज़ी पढ़ना चाहती हैं कि अंगरेज़ों के साथ अंगरेज़ी में बोल सकें। मैंने ऐसे कितने ही पति देखे हैं जिनकी स्त्रियां उनके साथ या उनके दोस्तों के साथ अंगरेज़ी में न बोल सकें तो उन्हें दुःख होता है। मैं ऐसे कुटुम्बों को भी जानता हूं, जिनमें अंगरेज़ी भाषा को मातृभाषा 'बना लिया' जाता है।... इस बुराई ने समाज में इतना घर कर लिया है कि बहुत से उदाहरणों में शिक्षा का अर्थ अंगरेज़ी भाषा के ज्ञान के सिवा और कुछ होता ही नहीं। मेरे ख्याल में तो ये सब हमारी गुलामी और गिरावट की निशानियां हैं।"

(५) आदर्श पति और पत्नी

२१-५-३१ के 'यंग इंडिया' में महात्मा ने लिखा है :—पत्नी पति की गुलाम नहीं, उसकी संगिनी है। वह उसकी अर्द्धांगिनी, सहयोगी और मित्र है। पति के अधिकार और कर्त्तव्य, दोनों में उसका बराबरी का हिस्सा है। इसलिए उनकी जिम्मेदारियाँ एक दूसरे के प्रति और दुनिया के प्रति भी एक-सी और दोनों के सहयोग से पूरी होनी चाहिये।"

'हरिजन', २-३-४० में लिखते हैं :—"मैं मानता हूं कि पति-पत्नी के बीच कोई गुप्त भेद न होना चाहिये। मेरा विवाह बन्धन के बारे में बहुत ऊंचा ख्याल है। मेरी राय में पति-पत्नी को एक-दूसरे में मिलकर एक रूप हो जाना चाहिये। वे दो शरीर और एक आत्मा हैं।"

'मातृत्व' पर गांधी जी ने २२-३-४२ के हरिजन में लिखा है :—'यह दुःख की बात है कि आम तौर पर हमारी लड़कियों को मातृत्व के कत्तव्य नहीं सिखाये जाते। लेकिन अगर विवाहित जीवन धार्मिक कर्त्तव्य है तो मातृत्व भी वैसा ही धार्मिक कर्त्तव्य है। आदर्श माता होना कोई आसान काम नहीं है। सन्तानोत्पत्ति पूरी जिम्मेदारी की भावना के साथ ही करनी चाहिये। माता को जिस घड़ी गर्भ रहे तब से बच्चा पैदा होने तक के अपने सारे कर्त्तव्यों का उसे ज्ञान होना चाहिये। और जो माता समझदार, तन्दुरुस्त, अच्छी तरह पाले-पोसे हुए बच्चे देश को देती है वह जरूर देश की सेवा करती है।"

(६) स्त्री की प्रतिष्ठा :

स्त्री की प्रतिष्ठा के विषय में गांधी जी के विचार थे :—"स्त्री की रक्षा करना पुरुष का विशेष धर्म भले ही हो, लेकिन पुरुष न हो, या स्त्री की रक्षा के अपने कर्त्तव्य का वह पालन न कर सके, तो हिन्दुस्तान की कोई भी स्त्री अपने को असहाय न समझे। जिसे मरना आता है, उसे अपनी इज़्ज़त पर आंच आने का अन्देशा रखने की बिलकुल जरूरत नहीं।" (यंग इंडिया १५-१२-२१)।

"जब किसी नारी पर हमला हो तब उसे हिंसा या अहिंसा का विचार करने नहीं बैठना चाहिये। उसका पहला फर्ज अपना बचाव करना है। उसे अपनी इज्जत की रक्षा के लिये जो भी उपाय सूझे उसका प्रयोग करने की छूट है। ईश्वर ने उसे नाखून और दाँत दिये हैं। सारा जोर लगाकर उसे इनका उपयोग करना चाहिये। जिस पुरुष या स्त्री ने मृत्यु का सब भय छोड़ दिया है, वह अपनी जान देकर अपना ही नहीं, दूसरों का भी बचाव कर सकता है।" (हरिजन १-३-४२)

(७) दहेज के अभिशाप :

दहेज के अभिशाप के विषय में गांधी जी ने २१-६-२८ के 'यंग इंडिया' में यों लिखा है :—

"जो युवक विवाह के लिए दहेज की शर्त रखता है, वह अपनी शिक्षा और अपने देश को बदनाम करता है और साथ ही स्त्री जाति का अपमान करता है। इस समय देश में कई युवक आन्दोलन चल रहे हैं। मैं चाहता हूं कि इस तरह के प्रश्नों को ये आन्दोलन हाथ में लें।...

दहेज की निंदा करने वाला जोरदार लोकमत पैदा होना चाहिए और जो युवक इस तरह के पाप के पैसे से अपने हाथ गंदे करें उन्हें समाज से बाहर निकाल देना चाहिये।"

बड़ों की महानता

रमेश मोहन

एक बार नरेन्द्र (विवेकानन्द) ने निडरता से अपने पिता से पूछा, "आपने मेरे लिए क्या कुछ किया ?"

नाराज़ होने के बदले में विश्वनाथ ने कहा, "जाओ, और अपने आपको शीशे में देखो, तब तुम्हें मालूम हो जाएगा"।

एक बार फिर नरेन्द्र ने अपने पिता से पूछा, "मैं अपने आपको संसार में कैसे दर्शाऊँ ?"

"कभी किसी चीज़ पर आश्चर्य प्रकट मत करो" पिता ने उत्तर दिया,

* * *

एक बार जब नेहरु जी, कमला जी की मृत्यु के पश्चात्, जेल में थे तो इन्द्रा जी ने पत्र के द्वारा उनसे पूछा कि मैं अब संसार में अकेली हूं। मुझे बुरा-भला सिखाने वाला कोई नहीं। मुझे बताइये मैं क्या करूँ। जबाव में नेहरु जी ने लिखा था कि तुम दुनिया में जो चाहो सो करो, सिवाय उस चीज़ को छोड़कर जो तुम अपने पिता से छुपाना चाहो।

* * *

जब गुरु गोविन्द सिंह जी के दो पुत्र फतेहगढ़ में चुनवा दिये जा रहे थे, तो छोटे भाई को देखकर बड़े भाई के आंसू ढलक पड़े। इसको देखकर छोटा भाई जोरावर सिंह बोला, "भय्या, तुम तो दृढ़-प्रतिज्ञ वीर हो, फिर ये आँसु क्यों ?" बड़े भाई, फतेहसिंह, ने उत्तर दिया, "ये आँसू इसलिए निकल पड़े हैं, कि तुम आये तो मेरे बाद में हो, लेकिन जा मेरे से पहले रहे हो,"

* * *

हिमालय

राकेश मोहन भान

हिम के आलय हो तुम जग में,
तुम से बड़ा न कोई धीर ;
तुम्हें न गर्व है अपने ऊपर,
आदिकाल के प्रथम शूरवीर !
सदा ढके रहते हो हिम से,
रंग तुम्हारा रहता स्वेत,
कभी न लगती ठन्ड़ तुम्हें है—
और न पुरातन के हैं अवशेष ।
तुम पर आरोहण किया वीरों ने,
हुए जीतने को वे अधीर ;
कितनों ने पाई वीरों की गति,
कितने चमक उठे परम वीर ।
रहती है तुम पर शीत सदा,
गरमी तुम्हें न सताती है ;
रखते तन को तुम सदा स्नात,
लिये हिम से ढका विशाल शरीर।
हमें बचाते रहे सदा तुम,
और सभी बलिदान किया ;
युग-युग के तुम संतरी हमारे,
यह कितना बलिदान किया ।

बच्चे की ज़बान से

राज कौल

दो या तीन बच्चे बस !

ऐसा क्यों ?

१९६६ में भारत की जन संख्या ५० करोड़ थी। १९६८ में जन संख्या ५२ करोड़ ५० लाख है। प्रति १½ सेकन्ड में भारत में एक बच्चा पैदा होता है ।

प्रति वर्ष ८० लाख व्यक्ति मरते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रति वर्ष १ करोड़ ३० लाख की जन संख्या बढ़ती है। इस दर से १९९४ में भारत की जन संख्या १०० करोड़ हो जायेगी ।

देश में इतना अन्न पैदा नहीं होता ! यदि बढ़ती आबादी की दर को न रोका गया तो देश में भुखमरी, अकाल और बीमारियाँ फैलेंगी और हमारा देश कमजोर पड़ जायेगा ।

मानवता के दान

विजय कुमार ज्योत्शी

बैरी को दो क्षमा, मित्र को सत्य हृदय दो ।
मान-हीन को मान, भीत को सदा अभय दो ।।
प्रतिद्वन्द्वी को सहन शीलता सुख सेवा दो ।
उपकारी-हितहारी को हितमय मेवा दो ।।
भक्तिपूर्ण मन से दो सदा पिता को आदर ।
भाई-बहनों को दो ज्यादा सम्पति सादर ।।
तुम्हें जन्म देने का हो गौरव मन में अति ।
माता को दो निज शुभ कर्मों से, ऐसी मति ।।
शुभ आचरण स्वयं कर दो, बच्चों को दो शिक्षा ।
दीन जनों को दो उनका हक समझ, सुभिक्षा ।।
अपने को इज्जत दो, सेवा दो जन—जन को ।
प्रभु के पावन चरणों में दे दो निज मन को ।।
प्रेम पड़ोसी को दो, निर्मल मधुमय वाणी ।
तन-धन सब दो समुद समझ सब हरिमय-प्राणी ।

प्रतियोगिता

नवम्बर मास में आयोजित प्रतियोगिता का उत्तर काफी विद्यार्थियों ने भेजा था, जिनमें से केवल दो का ही उत्तर ठीक है । उनके नाम इस प्रकार से हैं :—

१) स्वर्ण लता कौल (सरोजनी नगर)
२) सुनील कुमार मट्टु (लक्ष्मीबाई नगर)

जिनकी एक-एक त्रुटि थी उनके नाम इस प्रकार से हैं :—

१) कुश कुमार भान (मालवीय नगर)
२) सतीश रावल (अमर कालोनी)
३) अनिल मिसरी (मोती नगर)
४) सुषमा कौल (सरोजनी नगर)
५) मीना कौल (सरोजनी नगर)

सही उत्तर इस प्रकार से हैं :—

१) i) सुभद्रा कुमारी चौहान ii) संत कबीरदास iii) मैथिलीशरण गुप्त
२) रामधारी सिंह दिनकर
३) महादेवी वर्मा
४) हब्बा खातून

सही उत्तर भेजने वाले दोनों विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव पर पुरस्कार, बराबर भाग में बाँट दिया जायेगा ।

Ladakh Today

The District of Ladakh has been making a good headway in various spheres of human life. For several years last the State Government has addressed itself to the task of improving the living conditions of the people in the district. Following are some of the salient features of development in the district :—

1. A programme of intensive development of agriculture has been put through in order to raise agricultural output in the district. Total area brought under cultivation is about 40,000 acres.

2. Four Agricultural Research Farms have been set up, one each at Nubra, Changthang, Suspol and Kargil. The farms conduct research work on cereals, pulses, fruits etc.

3. Steps have been taken to improve irrigation facilities by conducting new irrigation channels and remodelling old ones.

4. Literacy percentage in the district has risen to 8.6. There are at present 6 Boys High Schools. one Girls High School, 2 Lower High Schools, 10 Middle Schools for Boys and one Middle School for Girls and 18 Central Schools.

5. A special scheme known as Border Area Scholarship has been introduced in the district to attract a large number of children to schools.

6. For the first time students of this district have been sent on study and Bharat Darshan tours.

7. Medical aid facilities have increased in the recent years. The hospitals in the district are equipped with dental laboratories and medical, surgical and X-ray sections.

8. Arragements have been made to supply essential commodities like sugar kerosene oil, salt, etc. to the outposts such as Nubra, Chushul, Zanskar etc.

9. Fair price shops have been established at Leh and Kargil tehsils, where essential commodities like pulses, oil, ghee, etc. are being sold at reasonable rates.

Department of Information,
Jammu and Kashmir.

योग क्या है ?

त्रिलोकी स्वामीजो

योग शब्द संस्कृति के 'युग' धातु से बना है जिसका ग्रर्थ है जोड़ना। योग का ग्राध्यात्मिक ग्रर्थ है वह साधन-सरणि जिसके द्वारा योगी को जीवात्मा ग्रौर परमात्मा की एकता का ग्रनुभव होता है—जीवात्मा का परमात्मा के साथ ज्ञानपूर्वक संयोग होता है। इस गुह्य ज्ञान को सिखाने वाला शास्त्र योग शास्त्र कहलाता है। योग वह ग्राध्यात्मिक विद्या है जो जीवात्मा को परमात्मा के साथ संयोग कराने की प्रक्रिया बतलाती है। योग वह परमार्थ विद्या है जो जीव को इन्द्रिय गोचर बाह्य प्रपञ्च के जन्जाल से मुक्त कर ग्रखण्ड ग्रानन्द, परम् शान्ति, ग्रनन्तज्ञान, ग्रनन्त सुख, ग्रौर ग्रनन्त जीवन ग्रादि स्वाभाविक गुणों से युक्त परमात्मा के साथ उसका संयोग करा देती है। योग का व्यापक ग्रर्थ करने से उसके ग्रन्दर कर्मयोग, भक्ति योग, राज योग, ज्ञान योग, हृठयोग, मन्त्र योग, भय योग, ग्रथवा कुण्डलिनी योग, ग्रादि सभी योगों का समावेश हो जाता है। जिस प्रकार एक ही ग्रंग भिन्न-भिन्न व्यक्तियों के उपयोग में नहीं ग्रा सकता, इसी प्रकार एक ही मार्ग सब लोगों के लिये ग्रनुकूल नहीं हो सकता। मनुष्य चार प्रकार के होते हैं—

कर्म प्रधान, भक्ति प्रधान, योग प्रधान, ग्रौर बुद्धि प्रधान, ग्रतः उनकी प्रकृति के ग्रनुकूल मार्ग भी चार ही हैं, यद्यपि उन सबका लक्ष्य एक ही है—परमतत्व की उपलब्धि। मार्ग भिन्न भिन्न होने पर भी गंतव्य स्थान एक ही है। इस परमतत्व को उपर्युक्त चार प्रकार के मनुष्यों की भिन्न-भिन्न दृष्टियों से उपलब्ध करने के जो चार मार्ग बताये गये हैं उन्हीं को कर्मयोग, भक्ति योग, राज योग, ग्रौर ज्ञान योग के नाम से पुकारते हैं। ये चारों मार्ग परस्पर विरोधी न हो कर एक दूसरे के सहायक हैं। ये इस बात के द्योतक हैं कि हिन्दू धर्म के भिन्न-भिन्न मार्गों में परस्पर सामञ्जस्य है। धर्म के द्वारा समग्र मनुष्य का उसके हृदय, मस्तिष्क ग्रौर हाथ तीनों ग्रंगों का संस्कार एवं विकास होना चाहिये। तभी वह पूर्णता को प्राप्त हो सकता है। कर्म योग से मल का नाश होता है, चित्त की शुद्धि होती है ग्रौर हाथों में कुशलता ग्राती है। भक्ति योग से विक्षेप दूर होता है ग्रौर हृदय का विकास होता है। राज योग से मन की स्थिरता एवं एकाग्रता निष्पन्न होती है। ज्ञान योग से ग्रज्ञान का ग्रावरण हट कर इच्छा एवं बुद्धि का विकास होता है ग्रौर ग्रात्मज्ञान की उपलब्धि होती है। ग्रतः साधक को चाहिये कि वह चारों प्रकार के योग का ग्रभ्यास करे। ग्रध्यात्म मार्ग में तेजी के साथ ग्रागे बढ़ने के लिये हम ज्ञान योग को मुख्य ग्राधार बनाकर ग्रन्य योगों की सहायक रूप में साधना कर सकते हैं।

सर्वांगीण विकास ग्रावश्यक है !

कर्म, भाव ग्रौर बुद्धि ये तीन घोड़े इस शरीर रूपी रथ में जुड़े हुए हैं। इन तीनों के व्यापार में पूर्ण सामंञ्जस्य होना चाहिये, तभी रथ ग्रासानी से चल सकता है। समस्त ग्रंगों का विकास होना चाहिये। हमारा मस्तिष्क शंकर का सा, हृदय बुद्ध का सा ग्रौर हाथ जनक का सा होना चाहिये। भक्ति शून्य वेदान्त बिलकुल रसहीन हो जाता है। ज्ञान विरहित भक्ति शून्य नहीं होती, ग्रौर जिसने ग्रात्मसाक्षात्कार कर लिया है, ग्रात्मा के साथ ग्रपनी एकता का ग्रनुभव कर लिया है वह ग्रपने ग्रात्मस्वरूप जगत की सेवा किये बिना कैसे रह सकता है ? भक्ति ज्ञान से वियुक्त नहीं है, बल्कि यों कहना चाहिये कि ज्ञान भक्ति की पूर्णता में सहायक है।

माँ का कर्ज

संतोष वजीर

महेश बड़ा भोलाभाला लड़का था, उसके मन में ज्ञान प्राप्त करने की बड़ी जिज्ञासा थी। अपनी माँ से वह कुछ न कुछ पूछता रहता था। माँ भी उसे हर बात अच्छी तरह समझाती थी।

एक बार महेश के पिता बीमार पड़ गए। डाक्टर उन्हें देखने आया। जब पिता ठीक हो गए तो डाक्टर ने माँ को एक कागज दिया। महेश को कौतूहल हुआ कि डाक्टर ने माँ को कैसा कागज दिया है। उसने माँ से पूछा, "माँ, डाक्टर ने जाते समय आप को जो कागज दिया था उसमें क्या लिखा है ?"

"माँ ने उसके गाल सहलाते हुए कहा, देखो, यह बिल है। तुम्हारे पापा को डाक्टर ने दवाएँ दें कर ठीक किया, उसकी फीस मांगी है।"

"तो कागज से फीस का क्या सम्बन्ध ?" महेश ने पूछा।

माँ ने कहा, "डाक्टर दवाओं और फीस के पैसे लेता है। मुंह से मांगना सभ्य लोग ठीक नहीं समझते इसलिए डाक्टर ने बिल दिया है। हम भी उसके बिना कैसे रुपये दे देंगे" फिर मां ने बिल महेश के हाथ में देकर कहा "लो तुम भी पढ़ो" महेश पढ़ने लगा :—

दवाएँ तीन शीशियाँ	१०.०० रुपए
इंजेक्शन पांच बार	८.०० रुपए
रोगी को छः बार देखने की फीस	१५.०० रुपए
योग	३३.०० रुपए

महेश ने अखबार वाले को भी बिल देते हुए देखा। उसने सोचा मैं भी माँ से बिल बना कर ही पैसे लूंगा। यह सोच कर वह मन ही मन खिल उठा। उसे बिजली की मोटर खरीदने के लिए ५ रुपए की जरूरत थी उसने कापी से सफा फाड़ कर साफ-साफ अक्षरों में लिखा :—

दो बार बाजार जाकर आपका सामान लाने के	१.५० रुपए
उमेश को घुमाने और खिलाने के	१.०० रुपए
पापा के जूतों पर पांच बार पालिश करने के	१.५० रुपए
आप के बीमार होने पर चार बार चाय बनाने के	१.०० रुपए
योग	५.०० रुपए

नोट : इस बिल की अदायगी शाम को चार बजे तक हो जानी चाहिए।

महेश ने कागज मोड़ कर माँ के कमरे में वहाँ रख दिया जहाँ उन्हें आसानी से मिल जाए फिर वह स्कूल चला गया। स्कूल से उसे चैन नहीं मिला। वह अपने बिल का परिणाम जानने के लिए उत्सुक था। छुट्टी होते ही घर भागा।

रोज की तरह माँ घर पर उसकी प्रतीक्षा कर रही थी। रोज वह माँ की गोद में चढ़ कर मीठी-मीठी बात सुनता था। माँ उसे गोद में लिए अन्दर जाती और उसे नाश्ता देती।

पर आज उसने माँ की तरफ नहीं देखा वह सीधा अपने कमरे में भागा हुआ गया। मेज पर एक कागज रखा हुआ था, उसे उठाते ही पांच का नोट मिला। महेश ने उसे उठा लिया। उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। उसकी योजना सफल हो गई। तभी उसकी दृष्टि नोट के साथ रखे कागज पर पड़ी उसने उसे खोला, उस पर लिखा था;

प्यारे मुन्नु (महेश) को बिल

नौ वर्ष तक तुम्हें खिलाने पिलाने और स्कूल भेजने का खर्च	कुछ नहीं
कई बार तुम्हारे बीमार पड़ने पर दवाई और देखभाल का खर्च	कुछ नहीं
तुम्हें मां का प्यार दिया	कुछ नहीं
योग	कुछ नहीं

नोट : इसकी अदायगी जब तुम कर सको तब करना, वरना हाँ या ना में उत्तर देना।

पढ़ते-पढ़ते वह रो पड़ा और माँ की ओर भागा। माँ की गोद में अपना सिर छिपा कर बोला "माँ मुझे माफ कर दो, मैं आपका कर्ज कभी नहीं चुका सकता, कभी नहीं !"

गुलमर्ग में एक दिन

नीरजा धर

इस वर्ष हम लोगों को कश्मीर की घाटी में दो महीने रहने का सुअवसर मिला और इन दो महीनों में हमने 'पृथ्वी के स्वर्ग' के अनेक देखने योग्य स्थान देखे। पर इनमें से गुलमर्ग की सैर कभी न भूलने वाली है। यह सैर रोमांचकारी और मनोरंजक रही।

अपने छः साथियों के साथ श्रीनगर से गुलमर्ग की ओर चलते ही मैं आनन्द-विभोर हो उठी क्योंकि प्राकृतिक दृश्यों से पूर्ण इस भूभाग को देखने का मेरा यह पहला अवसर था। राह में ऊँचे-ऊँचे वृक्षों की कतारें, धरती से फूटे हुये सोते, पक्षियों का चहकना, ठंडी-ठंडी हवायें, कितना भला लगता था। बस की खिड़की से झांक कर हम इन सब दृश्यों का आनन्द ले रहे थे। डेढ़ घण्टे बाद हमारी बस टंगमर्ग पहुंची। टंगमर्ग से गुलमर्ग का रास्ता पथरीला पहाड़ी मार्ग है। अब गुलमर्ग तक मोटरें जा सकती हैं। परन्तु जब हम गये, उन दिनों यह मार्ग चालू नहीं हुआ था। तब जो मार्ग थे उनमें से एक घोड़ों के लिए और दूसरा पैदल यात्रियों के लिए था, हम सब लोगों ने पैदल जाना ही उचित समझा, रास्ते में ऊंचे-ऊंचे वृक्षों के अतिरिक्त पत्थरों के बीच उगे हुए स्ट्राबेरीज के पौधों से सफेद नन्हे-नन्हे फूल झाँकते मिले, ऐसा लगता था मानो उत्सुक होकर पर्यटकों को ताक रहे हों, पानी के कई सोते दिखे, एक घंटे के अनवरत प्रयत्न के पश्चात् गुलमर्ग पहुंचे। वहाँ अनेक जातियों के भारतीय एवं विदेशी पर्यटक थे। पहुंचते ही हम रास्ते की सारी थकावट भूल गये।

चारों ओर से बर्फीली पहाड़ियों से ढका हुआ गुलमर्ग बहुत ही आकर्षक प्रतीत हो रहा था। हरे-हरे वृक्ष, नन्हें-नन्हें पौधे, घास से भरे हुए मैदान, घुड़सवारी करते लोग—सब कुछ बहुत ही सुन्दर प्रतीत हो रहा था, खाना खाती बार जो फोटो खिंचा, उसे देखते ही आज भी सारा दृश्य आँखों के सामने घूम जाता है। यहां से हम लोगों ने खिलनमर्ग जाने की सोची। खिलनमर्ग का रास्ता और अधिक पथरीला व संकटपूर्ण है। जाना तो था पर पैदल चलने की शक्ति शेष न थी, बड़े प्रयत्न के पश्चात् घोड़े मिले, मैंने अपने लिए एक काला—ऊँचा सा 'बुलबुल' नाम का घोड़ा चुना, सब लोग घोड़ों पर बैठे और खिलनमर्ग की ओर बढ़ने लगे, थोड़ी देर बाद मैं अपने साथियों से बिछुड़ गई। मेरा दिल भय से धड़क रहा था क्योंकि इतना विजन रास्ता; तिस पर मैं अनजान घोड़े पर बैठी हुई। अचानक मेरी दृष्टि नीचे की ओर गयी और भय से मेरा रंग पीला पड़ गया, वहाँ न जाने कितने हजारों फीट गहरी खाई थी, मैंने घोड़े की लगाम खींची और उसकी पीठ से चिपक गई। साथ ही मेरी चीखें सुनसान घाटी में गूंजी, (उस दृश्य की याद आते ही आज भी मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं) थोड़ी देर बाद फिर सीधा रास्ता आया, पर मेरा भय फिर भी दूर नहीं हो रहा था। जी चाहा कि घोड़े को छोड़कर पैदल ही चलना शुरू कर दूं, पर इतनी शक्ति शेष न थी। घोड़े वालों की बातों से भी अधिक डरी, वे कश्मीरी में बातें कर रहे थे। एक ने कहा, "ह्या यि किथा कन्य छुस अज गुर पकान, यि छ बड़ बद," दूसरा बोला, "राथ किथ पाठ्य दितुन सु पंजाब्य कोट भरिथ, खबर बिचोर वार पाठ्य आस्या? वोन्य गोछ यमिस बिचारि 'अल्ला' वारकार थावुन"। इनकी बातें सुनकर मैं और आंतकित हुई। लेकिन जब खिलनमर्ग पहुंचे तो मैं सब डर भूल गई। दूर से एक चोटी पर बर्फ दिख रही थी, बर्फ को देखकर हम सब झूम उठे, क्योंकि बर्फ की चोटी पहले कभी न देखी थी। बर्फ पर सूर्य देवता की किरणें पड़ती तो बर्फ हीरे के समान चमकती थी, उस समय हमारा एक-एक क्षण अमूल्य था, जो आनन्द में बीत रहा था।

प्रकृति का इतना सुन्दर रूप भुलाये नहीं भूलता।

Registration No—R.N. 12866/66 REGD. NO. D-1687

Printed and Published by Shri J .N. Kak, from 11-F/17, Lajpat Nagar New Delhi-14 for the Kashmiri Sahayak Samiti (Regd.), New Delhi, at the New Roxy Press, D-26, NDSE Part I, New Delhi-3 Phone : 623939